www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 31.c

28.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 98.935g

चांदी 106,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 भारत-कनाडा रिश्तों में जमी बर्फ पिघली, जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी

36 घंटे में बुजुर्ग हत्याकांड का खुलासा 04

वर्ष :08 | अंक :355 | मुंबई , सोमवार , 16 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकवाद रोधी छापेमारी जारी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पुंछ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी अभियान के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरनकोट तहसील के सौजियां और आसपास के क्षेत्रों में आठ स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और उनके स्थानीय समर्थकों द्वारा युवाओं को उकसाकर विध्वंसक गतिविधियों में शामिल किए जाने की साजिश को नाकाम करने के उद्देश्य से की जा रही है।इससे पहले इसी महीने पुलिस ने सीमावर्ती पुंछ जिले में आतंकियों के मददगारों के खिलाफ करीब 60 स्थानों पर छापेमारी की थी।

### ईरान में भारतीय दूतावास ने भारतीयों के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर और टेलीग्राम लिंक

हम ईरान में सभी से अनुरोध करते हैं कि दूतावास से स्थिति पर अपडेट प्राप्त करने के लिए नीचे दिए गए टेलीग्राम लिंक से जुड़ें।कृपया ध्यान दें कि यह टेलीग्राम लिंक केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है जो वर्तमान में ईरान में हैं।पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान में भारतीय दूतावास ने कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं और ईरान में वर्तमान में भारतीय नागरिकों के साथ संचार के लिए एक टेलीग्राम लिंक भी बनाया है।एक्स पर कई पोस्ट में विवरण साझा करते हुए दूतावास ने कहा कि टेलीग्राम लिंक केवल ईरान में भारतीय नागरिकों के लिए है।ईरान में भारतीयों से अनुरोध है कि वे भारतीय दूतावास से स्थिति पर अपडेट प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित लिंक से जुड़ेएक्स पर कहा गया है हम ईरान में सभी से अनुरोध करते हैं कि दूतावास से स्थिति पर अपडेट प्राप्त करने के लिए नीचे दिए गए टेलीग्राम लिंक से जुड़ें। कृपया ध्यान दें कि यह टेलीग्राम लिंक केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है जो वर्तमान में ईरान में हैं। दूतावास ने नागरिकों से घबराने से मना करते हुए सावधानी बरतने और तेहरान स्थित दूतावास के संपर्क में बने रहने को कहा।दूतावास ने भारतीयों से ऱईरान में सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचनेर के लिए कहा और अपडेट के लिए दूतावास के सोशल मीडिया पेजों को फॉलो करने का आह्वान किया। इसने संचार के लिए कई संपर्क नंबर भी जारी किए।

# पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल गिरा, 6 लोगों की मौत 41का रेस्क्यू, 38 की तलाश जारी

## पर्यटकों की भारी भीड़ के बीच पुल ढह गया

**घायलों को अस्पताल ले जाया गया है : फडणवीस**

**इंद्रायणी नदी पर पुल ढहने पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ऱमावल में पुल ढहने की घटना हुई है. मैंने डिविजनल कमिश्नर, तहसीलदार और पुलिस कमिश्नर से बात की है. कुछ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है. कुछ लोग फंसे भी हैं. एनडीआरएफ की टीम वहां पहुंच रही है.**

एजेंसी

पुणे : महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार को ढह जाने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए जिनमें 6 की हालत गंभीर है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि हादसे में छह लोगों को बचाया गया है जबकि कुछ लोग बह गए. पुलिस ने बताया कि मावल तहसील के कुंदामाला इलाके के पास हुई इस घटना के बाद अब तक तीन लोगों को बचा लिया गया है.इस बारे में एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीमें घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रही हैं. लेगांव दाभाड़े पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का पुल ढहने के बाद अब तक एक व्यक्ति के बह जाने की आशंका है, जबकि तीन अन्य को बचा लिया गया है.अधिकारियों का सावधानी बरतने का आग्रह अधिकारियों ने लोगों से नदी के किनारों से दूर रहने और सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया है, खासकर मानसून के मौसम के दौरान. जिला अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि साइट पर सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है.संभव है कि कुछ लोग बह गए हों. हमें अभी तक इस संबंध में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं मिली है. इसलिए अभी इस बारे में बात करना उचित नहीं होगा. पूरी जानकारी मिलने के बाद ही मैं इस बारे में जानकारी दूंगा. अभी प्रशासन लोगों को राहत पहुंचाने की पूरी कोशिश कर रहा है.सुप्रिया सुले ने जताई चिंताएनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने एक्स पर इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, ऱपुणे जिले के मावल तालुका के कुंदमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया. आशंका है कि पुल पर मौजूद कुछ नागरिक बह गए होंगे. यह घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि ये सभी नागरिक सुरक्षित रहें. मैंने इस घटना के बारे में पुणे के जिला कलेक्टर से बात की है और वे सभी आवश्यक मदद भेज रहे हैं. नागरिकों से मेरा विनम्र अनुरोध है कि कृपया मानसून पर्यटन के लिए जाते समय आवश्यक सावधानी बरतें।



**एनडीआरएफ की टीमें तैनात**

स्थानीय पुलिस, दमकल विभाग की टीमें और गोताखोर घटनास्थल पर मौजूद हैं और लापता लोगों का पता लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की दो टीमें तैनात की गई हैं और वे बचाव अभियान में सक्रिय रूप से मदद कर रही हैं.

# केदारनाथ के पास हेलिकॉप्टर क्रैश, 7 की मौत

## हेलिकॉप्टर सर्विस रोकी; पैदल रूट पर मलबा गिरने से यात्री की मौत, चारधाम यात्रा रुकी

**धामी ने हेलीकाप्टर दुर्घटनाओं पर सख्त एसओपी बनाने के निर्देश दिए. उत्तराखंड में हेलीकाप्टर दुर्घटना की जांच एएआईबी करेगा.**

एजेंसी

रूद्रप्रयाग/देहरादून : उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में रविवार को एक हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पायलट सहित उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गयी ।हेलीकाप्टर बाबा केदारनाथ के दर्शन करा कर पांच श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के एक कर्मचारी को वापस ला रहा था कि मौसम खराब होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे पायलट सहित उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 23 महीने की बच्ची भी है। श्रद्धालु परिवार महाराष्ट्र के निवासी थे ।हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि आज सुबह करीब सुबह 5.30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलिकॉप्टर वीटीबीकेए/बीईएलएल 407 गौरीकुंड क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हेलिकॉप्टर गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में गिरा है।दुर्घटना की वजह खराब मौसम है। उन्होंने बताया कि हेलिकॉप्टर केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा था।गौरीकुंड के ऊपर घास काट रही नेपाली मूल की महिलाओं ने इसके दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी थी ।रूद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर केदारनाथ से प्रातः 5:21 बजे गुप्तकाशी के लिए रवाना हुआ था एवं 5:24 बजे इसे वेली प्वाइंट के पास देखा गया। उस समय क्षेत्र में अत्यधिक कोहरा था जिससे दृश्यता शून्य हो गई थी।6:13 बजे हेलीकॉप्टर के गुप्तकाशी न पहुँचने की जानकारी हेलीकॉप्टर कंपनी द्वारा दी गई।



**हेलिकॉप्टर क्रैश में जान गंवाने वालों की जानकारी**

1. पायलट राजवीर सिंह (जयपुर, राजस्थान) 2. विक्रम सिंह रावत (ऊखीमठ, उत्तराखंड) 3. विनोद देवी (उत्तर प्रदेश) 4. तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश) 5. राजकुमार सुरेश (गुजरात) 6. श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (महाराष्ट्र) 7. काशी (महाराष्ट्र)

# साइप्रस दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

## हवाई अड्डे पर स्वागत के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस को दिया धन्यवाद

**मोदी ने एक्स पर लिखा कि साइप्रस पहुँच गया हूँ।हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति श्री निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार।यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में।**



एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को साइप्रस की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे, जहां वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ बातचीत करेंगे।मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में यहां पहुंचे, जहां वह कनाडा और क्रोएशिया भी जाएंगे।यह दो दशकों से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा है।मोदी ने एक्स पर लिखा कि साइप्रस पहुँच गया हूँ। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति श्री निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार।यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे ।

# योगी सरकार में गुंडों का फरमान नहीं चलता: अमित शाह

## अमित शाह ने नवचयनित सिपाहियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, योगी बोले, जितना पसीना बहाओगे...

**नियुक्ति पत्र**

**अमित शाह ने कहा कि हमने महिलाओं के लिए जो आरक्षण दिया था, उसे उत्तर प्रदेश में पूरी तरह लागू किया गया है। अगर मैं पीएम मोदी के शब्दों का इस्तेमाल करूं तो आप 'अमृतकाल' में यूपी पुलिस में शामिल होने जा रही हैं।**



एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 60,244 से अधिक पुलिसकर्मियों की सामूहिक भर्ती को राज्य के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को लखनऊ में 60,244 नवचयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपी। मुख्यमंत्री योगी ने राज्य के युवाओं के सपनों को हकीकत में बदलने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भी दिया। अमित शाह ने कहा कि आज यहां उत्तर प्रदेश पुलिस बल में जो नई भर्तियां हुई हैं, उनमें 12 हजार से अधिक महिलाएं हैं।

अमित शाह ने कहा कि हमने महिलाओं के लिए जो आरक्षण दिया था, उसे उत्तर प्रदेश में पूरी तरह लागू किया गया है। अगर मैं पीएम मोदी के शब्दों का इस्तेमाल करूं तो आप 'अमृतकाल' में यूपी पुलिस में शामिल होने जा रही हैं।

**शाह बोले- बिना पर्ची, बिना खर्ची के हुई ये भर्ती**

शाह ने कहा कि पिछली सरकारों में कई सारी भर्तियां भी हुई।मेरे सामने 60,244 अभ्यर्थी बैठे हैं। मैं उनके सामने हिम्मत के साथ कह रहा हूं कि किसी को एक रुपए की रिश्वत किसी को देनी नहीं पड़ी है।भर्ती पारदर्शिता के साथ हुई है।न खर्ची, न पर्ची, सिफारिश से भी नहीं, जाति के आधार पर भी नहीं, और भ्रष्टाचार से भी नहीं।योग्यता के आधार पर 48 लाख आवेदन में से आपका चयन आपकी योग्यता के आधार पर हुआ है।

# मथुरा में एक साथ 6 मकान ढहे, 3 की मौत

## 7 लोग मलबे में दबे; जेसीबी से मिट्टी खोद रहे थे, तभी हादसा हुआ

एजेंसी



मथुरा , मथुरा के गोविंद नगर इलाके में रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक साथ 6 मकान अचानक से भरभराकर गिर गए। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है।4 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है।करीब 6 घंटे से 6-7 लोग मलबे में दबे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस, नगर निगम, प्रशासन और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। मृतकों की पहचान तोताराम (38), दो सगी बहनें यशोदा (6) और काव्या (3) के तौर पर हुई है ।सभी 6 मकान जो ढहे हैं, वो मिट्टी के टीले पर बने हुए थे। लोगों ने बताया कि यहां बाड़े (खुली भूमि) में जेसीबी से खुदाई चल रही थी। तभी अचानक मिट्टी धसकी और एक के बाद एक सभी मकान मलबे में तब्दील हो गए।

# केबल टूटने से बच्ची गंभीर रूप से घायल

## परिवार ने उठाये सुरक्षा पर सवाल

**वायरल वीडियो में दिख रहा है कि नागपुर के प्रफुल्ल बिजवे और उनकी पत्नी की बेटी त्रिशा बिजवे हिमाचल प्रदेश के मनाली में ज़िपलाइन करते समय गंभीर रूप से घायल हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही त्रिशा ज़िपलाइन पर आगे बढ़ती है, केबल टूट जाती है और वह नीचे गिर जाती है।**

एजेंसी



मनाली ,नागपुर में रहने वाले परिवार की छुट्टियां उस समय बुरे सपने में बदल गईं, जब हिमाचल प्रदेश के मनाली में उनकी 10 साल की बेटी ज़िपलाइनिंग राइड के दौरान 30 फीट नीचे गिरने से बुरी तरह घायल हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, त्रिशा के पैर में कई फ्रैक्चर हो गए हैं। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है ।वायरल वीडियो में दिख रहा है कि नागपुर के प्रफुल्ल बिजवे और उनकी पत्नी की बेटी त्रिशा बिजवे हिमाचल प्रदेश के मनाली में ज़िपलाइन करते समय गंभीर रूप से घायल हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही त्रिशा ज़िपलाइन पर आगे बढ़ती है, केबल टूट जाती है और वह नीचे गिर जाती है ।परिवार का आरोप है कि घटनास्थल पर पर्याप्त सुरक्षा उपाय मौजूद नहीं थे और दुर्घटना के तुरंत बाद उन्हें कोई तत्काल सहायता भी नहीं मिली ।शुरूआती इलाज के लिए त्रिशा को मनाली में चिकित्सा सहायता दी गई, जिसके बाद उसे चंडीगढ़ के एक अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। वर्तमान में उसका नागपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है ।बिजवे परिवार ने घटना का यह भयावह वीडियो साझा किया है।

# राहुल गांधी को पाकिस्तान और चीन पर भरोसा है, लेकिन देश पर नहीं

## गिरिराज सिंह का आरोप

**भाजपा नेता ने कहा कि चाहे ऑपरेशन सिंदूर हो या बीबीसी की कोई भी रिपोर्ट, वह हमेशा भारत के खिलाफ बोलते हैं। ऐसा लगता है जैसे उन्होंने देश के खिलाफ ही बोलने की कसम खा ली है।**

एजेंसी



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने महाकुंभ में हुई भगदड़ के दौरान हुई मौतों की कथित गलत रिपोर्टिंग को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की थी।सिंह ने गांधी पर बार-बार विदेशी स्त्रोतों और बयानों पर भरोसा करने का आरोप लगाया, जो उनके अनुसार भारत की छवि को कमजोर करते हैं। गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, राहुल गांधी चीनी दूतावास, पाकिस्तानी दूतावास और बीबीसी की रिपोर्ट पर भरोसा करते हैं, लेकिन उन्हें अपने देश पर भरोसा नहीं है।

## अंतिम संस्कार — राजकोट में होगा अंतिम संस्कार

# पूर्व सीएम विजय रूपाणी का डीएनए मैच

एजेंसी



**गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों को डीएनए मिलान के बारे में सूचित कर दिया गया है।उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि सीएम भूपेंद्र पटेल पूर्व सीएम विजय रूपाणी के आवास पर गए और उनके परिवार को बताया कि उनका डीएनए मिलान हो गया है।**

नयी दिल्ली। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने रविवार को पुष्टि की कि अहमदाबाद में हुए घातक एयर इंडिया विमान हादसे के तीन दिन बाद, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का डीएनए, दुर्घटनास्थल पर मिले उनके अवशेषों से मेल खा गया है। सुबह 11.10 बजे आई डीएनए रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की गई। उनका अंतिम संस्कार राजकोट में होगा। सीएमओ के अधिकारी उनके पार्थिव शरीर को ले जाने के लिए शहर के सिविल अस्पताल में मौजूद थे। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों को डीएनए मिलान के बारे में सूचित कर दिया गया है।उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि सीएम भूपेंद्र पटेल पूर्व सीएम विजय रूपाणी के आवास पर गए और उनके परिवार को बताया कि उनका डीएनए मिलान हो गया है। सीएम ने परिवार को यह भी बताया कि राजकोट में अंतिम संस्कार की आगे की कार्यवाही में राज्य सरकार उनका सहयोग करेगी। परिवार के सदस्य तय करेंगे कि वे उनके पार्थिव शरीर को कब अपने कब्जे में लेंगे। रूपाणी गुरुवार दोपहर को एयर इंडिया 171 में सवार 241 लोगों में शामिल थे, जो लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में एक ब्रिटिश नागरिक ही जीवित बचा था।सरकार ने कहा है कि ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है, और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए डेटा की डिकोडिंग की जा रही है। विमान उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो हवाई अड्डे के रनवे से लगभग एक किलोमीटर दूर मेघानीनगर में बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर के अंदर एक इमारत से टकराया। टक्कर के कारण आग का गोला बना, जिसने छात्रावास की इमारत को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और जमीन पर कई लोगों की मौत हो गई, जिनमें कुछ एमबीबीएस छात्र भी शामिल थे।

स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा है कि विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार राजकोट में किया जाएगा. साथ ही उन्होंने हादसे में मारे गए पीड़ित परिवार के परिजनों से मुलाकात की है. अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में अब तक 270 लोगों ने जान गंवा दी है. विमान में कुल 242 लोग सवार थे, जिनमें 230 यात्री, 10 क्रू मेंबर्स और दो पायलट थे.

# जहरीली शराब से लोग मर रहे हैं लेकिन... पंजाब में केजरीवाल पर बरसीं रेखा गुप्ता



**रेखा गुप्ता ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने राज्य सरकार को खोखला कर दिया है... आज आपने (केजरीवाल) अपनी गलत नीतियों के कारण इसे 4 लाख करोड़ के कर्ज तले दबा दिया है।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। लुधियाना में उपचुनाव के बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वहां प्रचार के लिए पहुंची हैं। रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से लोग मर रहे हैं लेकिन आप (अरविंद केजरीवाल) क्या कर रहे हैं? आप बिल्डर माफि या के साथ मिलकर गरीब किसानों की जमीन हड़प रहे हैं। दिल्ली की जनता जिसने आपको (अरविंद केजरीवाल) इतना समर्थन दिया था, वो आपसे थोड़ा नाराज हो गई और आप पंजाब में आकर बैठ गए। रेखा गुप्ता ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने राज्य सरकार को खोखला कर दिया है... आज आपने (केजरीवाल) अपनी गलत नीतियों के कारण इसे 4 लाख करोड़ के कर्ज. तले दबा दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों में शामिल हैं।

## सम्पादकीय

# सोशल मीडिया बच्चों को हिंसक एवं बीमार बना रहा है

स्मार्टफोन बड़ों ही नहीं, बच्चों के हाथ में आ गया है। जवान और बूढ़े ही नहीं छोटे-छोटे बच्चे तक इसके आदी होते जा रहे हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक, गेम्स सब कुछ स्मार्टफोन पर होने की वजह से बच्चों और युवाओं में इसकी आदत अब धीरे-धीरे लत में तब्दील होती जा रही है ।सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से बच्चों का बचपन न केवल प्रभावित हो रहा है, बल्कि बीमार, हिंसक एवं आपराधिक भी हो रहा है। यह चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। यह बच्चों को समय के प्रति, परिवार एव सामाजिक कौशल के प्रति और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया ने बच्चों से बाल-सुलभ क्रीड़ाएं ही नहीं छीनी बल्कि दादी-नानी की कहानियों से भी वंचित कर दिया है। कुछ विशेषज्ञ इस बात से चिंतित हैं कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बच्चे अनैतिक, उग्र, जिद्दी एवं आक्रामक भी हो रहे हैं, जो उन्हें चिंता और अवसाद में धकेल रहे हैं। बच्चें सोशल मीडिया पर वक्त ज्यादा गुजार रहे हैं, ऑनलाइन गेम्स ने बच्चों की दुनिया ही बदल दी है। अब ये आवाज उठने लगी है कि क्यों न बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रतिबंधित कर देना चाहिए? टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में ऐसे ही चिन्ताजक तथ्य सामने आये हैं कि बड़ी संख्या में युवा माता-पिता कहानियों की बजाय डिजिटल मनोरंजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। पंचतंत्र से लेकर स्नो व्हाइट पिनोकियो जैसी कहानियां अब शेल्फ पर धूल फांक रही हैं। नये बन रहे समाज एवं परिवार में सोशल मीडिया जहर घोल रहा है ।स्मार्टफोन बड़ों ही नहीं, बच्चों के हाथ में आ गया है। जवान और बूढ़े ही नहीं छोटे-छोटे बच्चे तक इसके आदी होते जा रहे हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक, गेम्स सब कुछ स्मार्टफोन पर होने की वजह से बच्चों और युवाओं में इसकी आदत अब धीरे-धीरे लत में तब्दील होती जा रही है। सोने के समय बच्चों को कहानियां सुनाना या उनके लिए लोरियां गाना कभी पारिवारिक संस्कृति का अहम हिस्सा हुआ करता था। दादी-नानी हों या माता-पिता की सुनाई गई परीकथाएं बच्चों के लिए नींद से पहले की सबसे प्यारी यादें होती थीं। लेकिन अब सोशल मीडिया के आने से इसके बिना बचपन सूना हो रहा है। बच्चे किताबों और खेलकूद के मैदानों से दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी उनकी आंखों के साथ दिमागी सेहत पर भी बुरा असर डाल रही है। इसके अलावा शारीरिक श्रम एवं रचनात्मकता भी कम हो गई है। यह केवल पश्चिमी देशों की ही नहीं, भारत की भी सच्चाई बन चुकी है। जेन जेड यानी 1996 से 2010 के बीच जन्मे युवा माता-पिता अब इस प्यारी परंपरा से मुंह मोड़ रहे हैं।

## आज का विचार

जिद, गुस्सा, गलती, लालच
और अपमान
खर्राटों की तरह होते हैं
जो दूसरा करे तो चुभते हैं
परन्तु स्वयं करें तो
अहसास तक नहीं होता

भारत संवाद

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा. आज सेहत सम्बन्धी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें. किसी जमीन-जायदाद पर चल रहे मुकदमें का फैसला आज आपके पक्ष में आयेगा. ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा अधिक लाभ होगा.

**वृष राशि:** आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा. आपके सारे रुके हुए काम आज पूरे हो सकते है. आज आपके लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा. आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं.

**मिथुन राशि:** आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में व्यतीत होगा. किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है. शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा. राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ा पद मिलेगा, जिससे उनकी छवि अच्छी बनेगी.

**कर्क राशि:** आपका दिन शानदार रहेगा. स्पोर्ट से जुडी महिलाओं के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, किसी अवार्ड से सम्मानित किया जा सकता है. आमदनी में इजाफा होने से अपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे, परिवार का वातावरण शांत बना रहेगा. अपना टाइम आज बच्चों को पढ़ाने में स्पेंड करेंगे, बच्चे खुश नजर आएंगे.

**सिंह राशि:** आज आपका दिन उत्तम रहेगा. काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे. विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आज मैथ्स के किसी टॉपिक को अच्छे से क्लियर करेंगे. आपका फ्रेंड आपसे कोई जरुरी सामान की डिमांड कर सकता है.

**कन्या राशि :** आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों को आज अच्छा ऑफर्स मिलेगा और अधिक से अधिक लाभ होगा।

**तुला राशि:** आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है. बुक सेलर्स के लिए आज का दिन बेहद ही लाभकारी रहेगा, बुक्स की सेल ज्यादा ही होगी। बिजनेस साझेदार के साथ आपके रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी. सेहत के लिहाज से आज आप खुद को फ्रेश महसूस करेंगे.

**वृश्चिक राशि:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा. किसी मित्र का सहयोग मिलेगा, जिससे आप काफी खुश रहेंगे. साथ ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर आज आप कोई पार्टी करेंगे. किसी बात को लेकर भाई झ बहन में चली आ रही अनबन आज समाप्त होगी. आप नए काम पर सोच विचार कर सकते है, जिससे आपको खूब तरक्की मिलेगी.

**धनु राशि:** आपका दिन लाभदायक रहेगा. समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों द्वारा सम्मानित किया जायेगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा. भाई बहन के रिश्ते में आज ज्यादा प्यार बढ़ेगा, मिलकर काम करेंगे. आज बिजनेस में किये गये प्रयास सफल होंगे, बिजनेस काफी तरक्की करेगा.

**मकर राशि:** आपका दिन बेहतर रहेगा. कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी, लेकिन आप इनसे पार पाने में सफल भी होंगे.

**कुंभ राशि:** आपका मन प्रसन्न रहेगा. ऑफिस के काम में आप बिजी रहेंगे जिससे आपके बॉस आपसे खुश रहेंगे. समाज में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका प्रभाव लोगों पर साफ दिखेगा. आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनेगी, जिससे जरुरत का सामान खरीदेंगे.

**मीन राशि :** आपको नया अनुभव मिलने वाला है. आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा. स्पोर्ट्र्स से जुड़े लोगों को आज उनके कोच द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसका लाभ उनको खेल के मैदान में मिलेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# भारत-कनाडा रिश्तों में जमी बर्फ पिघली, जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने कनाडा जा रहे हैं। कनाडा द्वारा निमंत्रण में देरी पर कांग्रेस ने कूटनीति को कमजोर बताया था। ट्रूडो के खालिस्तान समर्थकों को खुश करने के रवैये के कारण भारत-कनाडा संबंध बिगड़े थे। नए प्रधानमंत्री कार्नी के नेतृत्व में रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद है जिससे व्यापार दोगुना हो सकता है।**

पा इजरायल और ईरान में जंग के बीच भारतीय प्रधानमंत्री जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने कनाडा पहुंच रहे हैं। उन्हें कनाडा आने का कथित निमंत्रण न मिलने पर कांग्रेस इस नतीजे पर पहुंच गई थी कि भारतीय प्रधानमंत्री को जी-7 सम्मेलन में भाग लेने के लिए न बुलाया जाना मोदी सरकार की कमजोर कूटनीति का प्रमाण है। इसके बाद जब कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मोदी को निमंत्रण दे दिया तो कहा गया कि यह देर से दिया गया, लेकिन आखिर देरी को कैसे परिभाषित किया जाएगा? वैसे भारतीय प्रधानमंत्री को जी-7 में भाग लेने के लिए निमंत्रण देने को लेकर कनाडा में भी सवाल उठे। इनका जवाब देते हुए मार्क कार्नी ने कहा था कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के साथ कई आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्र में है। मार्क कार्नी ने खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में तथाकथित भारतीय एजेंटों का हाथ होने के आरोपों की जांच से जुड़े सवाल पर कहा था कि कानूनी एजेंसिया अपना काम कर रही हैं। यह समझा जाना चाहिए कि मार्क कार्नी का भारत समेत अन्य अनेक मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से अलग रवैया है। इसका प्रमाण यह खबर है कि भारत और कनाडा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए एक-दूसरे से खुफिया जानकारी साझा करेंगे। मार्क कार्नी तब कनाडा के अंतरिम पीएम बने थे, जब घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपने रवैये के कारण जस्टिन ट्रूडो की फजीहत हो गई थी। उनकी ही पार्टी की ओर से उन पर प्रधानमंत्री पद छोड़ने का दबाव था। वह प्रधानमंत्री बने रहते तो लिबरल पार्टी बुरी तरह हारती। कनाडा-भारत संबंध बिगड़ने के लिए जस्टिन ही जिम्मेदार थे। वे अपने कार्यकाल में खालिस्तान समर्थकों को खुश करने में लगे रहे और तब तो ऐसा करना उनकी मजबूरी हो गई थी, जब अपनी अल्पमत सरकार चलाने के लिए वे खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी(एनडीपी) के समर्थन के मोहताज हो गए थे। उन्होंने जगमीत और अन्य खालिस्तान समर्थकों को खुश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आतंकी निज्जर मामले में उन्होंने यह हास्यास्पद बयान दिया था कि उसकी हत्या में भारतीय एजेंटों के हाथ होने के ह्लपुख्ता आरोपह्व मिले हैं। यह पहली बार था, जब किसी शासनाध्यक्ष ने प्रमाण नहीं, बल्कि आरोपों के आधार पर किसी देश को कठघरे में खड़ा किया हो और वह भी ऐसे शख्स की हत्या के मामले में, जो अवैध तरीके से कनाडा पहुंचा था और जिसे भारत में आतंकी करार दिया गया था। इसके बाद कनाडा-भारत संबंध बिगड़ने ही थे औ? वे बिगड़े भी। जस्टिन ट्रूडो की जगह अंतरिम प्रधानमंत्री बने मार्क कार्नी परंपरागत राजनेता नहीं हैं। वह व्यवसायी रहे हैं और भारत से संबंधों समेत अन्य मामलों को अपनी तरह से देखते हैं। इसके संकेत तभी मिल गए थे, जब चुनाव प्रचार के दौरान उनकी सभाओं में खालिस्तानी झंडे नहीं दिखे। जस्टिन न केवल खालिस्तान समर्थकों से घिरे रहते थे, बल्कि उनकी सभाओं में खालिस्तानी झंडे भी लहराते थे। चुनावों में जीत के बाद प्रधानमंत्री बने कार्नी के मंत्रियों में से एक जूनियर मंत्री को छोड़कर अन्य के बारे में नहीं कहा जा सकता कि वह खालिस्तान समर्थकों का साथी है। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद को लेकर कुछ सवाल हो सकते हैं, पर उन्हें खालिस्तान समर्थक नहीं कह सकते। मोदी को कनाडा आने का निमंत्रण मिलने के पहले विदेश मंत्री जयशंकर और अनीता आनंद में बात हुई थी। कार्नी की जीत के बाद मोदी ने उन्हें बधाई दी थी। इसी कारण इस कहानी में दम नहीं दिखता कि जी-7 के बाकी देशों ने जब दबाव डाला, तब कार्नी ने मोदी को निमंत्रण दिया। अभी यह नहीं कह सकते कि मोदी की कनाडा यात्रा से दोनों देशों के संबंध बहुत मधुर होने जा रहे हैं, पर इतना अवश्य है कि रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने लगी है। यह भविष्य बताएगा कि वह कितनी पिघलती है? यदि कनाडा को भारत की जरूरत है तो उसे भी भारत की। यह कह सकते हैं कि कनाडा को भारत की ज्यादा जरूरत है, पर भारत को ऊर्जा सुरक्षा का जो स्रोत और अपने तकनीकी विकास के लिए जो दुर्लभ खनिज चाहिए, वे उसे कनाडा से आसानी से मिल सकते हैं। यदि दोनों देशों के रिश्ते पटरी पर आते हैं तो मौजूदा व्यापार दोगुना यानी 20 अरब डालर तक पहुंच सकता है। कनाडा में भारतीय मूल के लोगों की आबादी कुल आबादी का करीब आठ प्रतिशत है। यह सही है कि यहां खालिस्तान समर्थक सक्रिय हैं, लेकिन वे उनकी संख्या ज्यादा नहीं हैं। उनकी राजनीतिक सक्रियता का कारण उनकी ओर से कनाडा के राजनीतिक सिस्टम का जमकर दुरुपयोग किया जाना है। इसी कारण वे राजनीतिक दलों को प्रभावित करने में सफल हो जाते हैं। इस बार भारतीय मूल के कहीं अधिक सांसद चुनाव जीते हैं, लेकिन भारत के लिहाज से अच्छी बात यह रही कि एनडीपी का खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह खुद चुनाव हार गया। वह एनडीपी का प्रमुख था। एनडीपी का वोट प्रतिशत भी 17.8 से गिरकर 6.3 पर आ गया। चूंकि एनडीपी न्यूनतम 12 सीटें भी नहीं जीत सकी, इसलिए उसने अपना आधिकारिक दर्जा भी गंवा दिया। इसी कारण जगमीत को पार्टी प्रमुख से हटना पड़ा। मार्क कार्नी बहुमत से थोड़ा ही पीछे हैं, इसलिए उन्हें एनडीपी के सात सांसदों की जरूरत नहीं। यह भी महत्वपूर्ण है कि कनाडा में सत्ताधारी दल की दिशा प्रधानमंत्री के रुख-रवैये से तय होती है और उसका अपने दल पर दबदबा होता है। फिर से सत्ता में आई लिबरल पार्टी में वही होगा, जैसा प्रधानमंत्री मार्क कार्नी चाहेंगे। मोदी को कनाडा आने का निमंत्रण मिलने के बाद से खालिस्तान समर्थक छोटे-बड़े और गुमनाम से संगठन पगलाए हुए हैं। वे धरना-प्रदर्शन करने में जुट गए हैं। मोदी के कनाडा आगमन पर खालिस्तान समर्थकों को काबू में रखने के लिए कनाडा सरकार को सतर्क रहना होगा, लेकिन भारत के लिए भी यह जरूरी है कि वह अपनी कनाडा नीति को परिभाषित करे। मेरे लिए भारत सरकार की कनाडा नीति समझना कठिन है? मैं यह भी चाहूंगा कि कनाडा के मामलों में विदेश मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा हो।



# इजरायल-ईरान युद्ध : वैश्विक-युद्ध का नया त्रिकोण? इजरायल ईरान और अमेरिका

संजीव ठाकुर



अब अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में नया और खतरनाक मोड़ ले लिया है नए संदर्भ में इजरायल ईरान और अमेरिका की भूमिका काफी खतरनाक और संदिग्ध हो गई है युद्ध का जुनून ईरान द्वारा परमाणु ईंधन यूरेनियम के भंडारण तथा उपयोग को लेकर अमेरिका तथा इसराइल के सिर पर चढ़कर बोलने लगा है ह्न 13 जून को इजराइल का ईरान पर बड़ा हमला दोनों शत्रुओं के बीच कई दशकों पुरानी दुश्मनी का नतीजा है। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनाहु काफी लंबे समय से ईरान को अपना सबसे बड़ा दुश्मन और खतरा बताते आ रहे हैं। इसराइल ने ईरान पर हमले की योजना इसराइल हमास युद्ध के दौरान बना ली थी और इस हमले के नेपथ्य में इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध रहा है। ईरान ने यमन में हूती विद्रोहियों और लेबनान में हिजबुल्ला को व्यापक समर्थन देकर इसराइल के लिए सुरक्षा के कई खतरे पर सवाल खड़े कर दिए थे। यह उग्रवादी अक्सर इजरायल में तोड़फोड़ हत्या और अनेकों आक्रमण में शामिल रहे हैं। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के तुरंत बाद से ही अमेरिका और इसराइल को अपना सबसे बड़ा तथा मुख्य विरोधी तथा दुश्मन मानता रहा है तभी से यह त्रिकोणीय संघर्ष और तनाव ताजा हमलो के रूप में सामने आया है। इसराइल और अमेरिका ने लगातार दो दशकों से कई बार ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने तथा इसे इसराइल तथा अमेरिका के विरुद्ध इस्तेमाल करने की धमकी के रूप में आरोप लगाया है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल की ईरान से दुश्मनी काफी पुराने समय से पकती रही है जिसके फल स्वरुप इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए जिससे सेना उप प्रमुख समेत ईरानी फौज के बीस महत्वपूर्ण कमांडर मारे गए हैं इसके अलावा ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक भी मौत के घाट उतार दिए गए। इसराइल ने ऑपरेशन लॉयन के तहत 200 लड़ाकू विमान से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को तबाह किया है जिसका बहुत बड़ा कारण ईरान के सुप्रीम नेता खोमनई द्वारा इसराइल को कड़ी सजा देने की चेतावनी बताया गया है। वैसे अब इसराइल के इस बड़े हमले से पश्चिम एशिया में दो कट्टर दुश्मनों के बीच व्यापक तथा भयानक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। ईरान ने इस हमले के जवाब में सो बमवर्षक ड्रोन इसराइल पर दागे थे जिसे इजरायल फौजों ने नाकाम भी कर दिया है। यरूसलम की समाचार एजेंसी के अनुसार इसराइल के ईरानी हमले पर ईरान के तीन शीर्ष फौजी के कमांडर मारे गए हैं इसमें ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी, और महत्वपूर्ण तथा शक्तिशाली अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स के प्रमुख हुसैन सलामी तथा ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली की मौत हो चुकी है। इसके अलावा ईरानी सुरक्षा बलों के 17 प्रमुख एवं वरिष्ठ कमांडर भी मारे गए हैं। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि ईरान इजरायल के ईरान पर हमले से वरिष्ठ वैज्ञानिकों के मरने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को एक बहुत बड़ा झटका लगा है इन वैज्ञानिकों की मौत से परमाणु बम बनाने के ईरानी सपनों की भी मौत हो गई है। ईरानी के सर्वोच्च नेता राष्ट्रपति अयातुल्लाह अली खामनेई ने कहा कि दुश्मन को बहुत पछताना पड़ेगा उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि इसराइल ने ईरान में हमले करके जो अपराध कर अपना खूनी हाथ दिखाया है उसके लिए उसे बहुत पछताना पड़ेगा इसराइल को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी हम अब चुप नहीं बैठेंगे और इसराइल इस ईरान के बदले को सदियों तक याद रखेगा। अंतर्राष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इसराइल और ईरान की लड़ाई परमाणु ईंधन यूरेनियम के ईरान द्वारा जमा किए जाने पर हुई है इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा है कि ईरान को किसी भी कीमत पर जमा किए गए यूरेनियम से परमाणु बम बनाने नहीं दिया जाएगा यह इजरायल की पीढ़ियों के लिए खतरा बन गया है और जब तक ईरान इस बात से सहमत नहीं होगा कि वह परमाणु बम नहीं बनाएगा यह ऑपरेशन राइजिंग लायन जारी रहेगा। इधर इजराइल में आपातकाल घोषित कर दिया गया तथा इसराइल ने दुनिया भर में अपने सभी दूतावासों को बंद कर दिया है उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि ईरान इजरायल के आवासीय परिसरों में हमला कर सकता है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइल के पक्ष में अजीबो-गरीब बयान दिया है उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए समझाया है कि समझौते के लिए अभी भी सही समय है नहीं तो परिणामतः इसराइल के हमले और तेज तथा बदतर होंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिन ईरानी नेताओं ने बढ़ चढ़कर बहादुरी दिखाई थी वे सब इजरायल के हमले से मारे गए अभी भी समय है संभल जाओ। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों से सबसे अलग डोनाल्ड ट्रंप ऐसा प्रतीत होता है कि अपनी व्यापारिक नीति और युद्ध नीति को अभी तक निर्धारित नहीं कर पाए हैं। भारत-पाक युद्ध में भी अमेरिका क रवैया काफी अपरिपक्व ही रहा है और ताजा समाचारों के अनुसार अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताया है और पाकिस्तान के सोकॉल्ड फील्ड मार्शल असीम मुनीर के जन्मदिन पर उन्हें अमेरिका आमंत्रित किया है। ऐसा लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप अपनी बढ़ती उम्र के साथ मानसिक संतुलन भी होते जा रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायल ईरान युद्ध में अमेरिका की संदेहास्प भूमिका के कारण नए विश्व युद्ध का त्रिकोण तैयार हो रहा है इसराइल के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जानकारी दी है जिसमें भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि इसराइल और ईरान को तनाव बढ़ाने वाले किसी भी काम से बचना चाहिए वार्ता का रास्ता अपनाना चाहिए भारत के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध है और भारत सदैव मदद के लिए तैयार है। भारत के नागरिक दोनों देशों में निवासरत हैं उन्हें भारत ने सावधान रहने की सलाह दी है ।इजरायल ईरान के हालिया युद्ध के पर्यावरण में यदि अन्य देशों की आवाजाही बनती है तो विश्व युद्ध होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# बेटियों की जगह

विजय गर्ग

बहुत मुश्किल से और लंबे वक्त में समाज में धारणाएं बदल पाती हैं। अब समाज के एक बड़े हिस्से में यह कहा जाने लगा है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। परिवार में बेटा ही पैदा हो, यह पुरानी सोच मानी जाने लगी है। हालांकि बेटियां होने पर ससुराल पक्ष की ओर से महिलाओं को प्रताड़ित किए जाने के मामले भी सामने आते रहे हैं । कई बार यह बात अतिरिक्त जोर देकर कही जाती है कि बेटा हो या बेटी, एक ही बात होती है। अब तो बेटियां बेटों से बढ़ कर हैं । परवरिश और पढ़ाई से वे न केवल बेहतर इंसान साबित होती हैं, बल्कि अनेक क्षेत्रों वे अपनी प्रतिभा का परचम भी लहराती हैं। यह भी सच है कि बेटियां भावनात्मक और शारीरिक रूप से भी अभिभावकों का बेहतर खयाल रखती हैं। कई मामलों में, चाहे वह पारिवारिक हो या व्यावसायिक, सलाह-मशविरे में बेटियां बेहतर भूमिका निभाती रही हैं । विकसित समाज में इसे अब सहजता से कबूल किया जाता है। लड़की का पैदा होना पहले की तरह अब उतना बुरा नहीं माना जाता, लेकिन लड़का पैदा होने का आकर्षण अभी कम नहीं हुआ है। बेटी के जन्म पर अनपढ़ ही नहीं, बल्कि कई पढ़े-लिखे लोगों के चेहरे भी लटक जाते हैं। दुनिया में आकर बेटियां बहुत कुछ सहती हैं। आजकल कुछ नवदंपति तो बच्चे ही पैदा नहीं करना चाहते, लेकिन ऐसे अभिभावक भी हैं, जो पुत्र हासिल करने के लिए कई पुत्रियों का जन्म सह लेते हैं। इस मामले में कुछ दिन बाद एक घटना और जुड़ जाती है । व्यवहार के दलदल में उतर कर समझा जाए, तो पता चलता है कि लड़का होना आज भी बहुत-सी पारिवारिक और सामाजिक सुविधाओं पर वरदहस्त प्राप्त करने जैसा है ।हमारी पारिवारिक, पारंपरिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, और राजनीतिक तल्खियां भी दिन-रात यही साबित करती हैं। कई बार यह लगता है कि लड़का और लड़की को समान मानने में अभी काफी वक्त लगने वाला है। यह सच भी है । हमारे समाज में शास्त्रों और संस्कृति की लकीर पर फकीर बन कर चलने की बात भी की जाती है, जहां आमतौर पर पुत्र की ही बात होती रही है ।एक समय में राजाओं के यहां पुत्र पैदा नहीं होते थे, तो कुल गुरुओं से पूजा, हवन और यज्ञ करवाए जाते थे। हालांकि, उन पुत्र रत्नों का विवाह कन्याओं से ही होता था, ताकि नए पुत्र रत्न भी पैदा हों। फिर बेटियों का विरोध क्यों ?

आधुनिक दौर का चरम विकास भी बहुत से मामलों में चतुर इंसान की सोच में उचित बदलाव नहीं ला पाया है।

हैरानी इस बात की है कि जापान जैसे विकसित देश में भी ऐसा है। ओलंपिक में खूब सारे पदक जीतने वाले देश की पारंपरिक सोच में बदलाव नहीं दिखता है । उनकी पारंपरिक संस्कृति वैसी की वैसी रही। दिलचस्प यह है कि अगर वहां बच्चा गोद लेना हो, तो अधिकांश जापानी पुत्र मोह में फंसे रहते हैं। इसीलिए समाज में वयस्क लड़के गोद लिए जाने का रुझान है। आमतौर पर लड़कियों को तरजीह नहीं दी जाती है। कारोबार संभालने के लिए लड़कियां नहीं, लड़कों को प्राथमिकता दी जाती रही है ।इसका मतलब यह नहीं लेना चाहिए कि दुनिया में पैतृक मानसिकता की शान बढ़ाने का कोई बोलबाला है। यह बात काफी रूढ़िवादी लग सकती है, लेकिन कहीं यह सच्चाई तो नहीं कि कुदरत ने भी शारीरिक रूप से पुरुष को औरत से ज्यादा ताकतवर, आक्रामक और निर्णय लेने में ज्यादा व्यावहारिक बनाया है। बहुत से परिवारों के आंतरिक प्रबंधन में पुरुषों का वर्चस्व कायम है। पिछले दिनों अमेरिका से एक नजदीकी महिला रिश्तेदार का फोन आया, जिन्होंने बताया कि उनके बेटे के यहां बेटी हुई है। फोन सुनने वाली महिला ने बधाई देते हुए कहा कि आपने पहले नहीं बताया, वहां तो बच्चे की लैंगिक पहचान के बारे में पहले ही बता देते हैं। सवाल उठा कि विदेश में तो लड़की के पैदा होने का बुरा नहीं मानते, लेकिन चाहे जो हो जाए

## महाराष्ट्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मारी; तीन लोगों की मौत, आठ घायल

**अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में बस में सवार आठ यात्री भी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस और स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक और निजी बस की टक्कर में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना संगमनेर इलाके में कोल्हार-घोटी राजमार्ग पर सुबह करीब छह बजे हुई।इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि लोनी से संगमनेर की ओर जा रहा ट्रक मुंबई से शिरडी की ओर जा रही लग्जरी बस से टकरा गया। उन्होंने कहा कि बस में सवार दो यात्रियों और ट्रक के सह-चालक की मौके पर ही मौत हो गई।अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में बस में सवार आठ यात्री भी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस और स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।अधिकारी ने कहा कि मृतकों की पहचान ट्रक के सह-चालक फिरोज लाला शेख (46), बस यात्री अंजू रवींद्र वाल्मीक (39) और प्रवीण सोपान कंदलकर (28) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि संगमनेर तालुका पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।




## महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश से आठ लोगों की मौत, तटीय जिलों में अलर्ट जारी

**कोंकण क्षेत्र की प्रमुख नदियों में रत्नागिरि जिले की जगबुड़ी नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है।आपदा प्रबंधन रिपोर्ट में कहा गया है यदि जलस्तर और बढ़ता है तो नदी के किनारे बसे खेड़, अलसुरे, चिंचघर और प्रभुवाडी गांव प्रभावित हो सकते हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क






महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं।राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बीते 24 घंटे में पूर्वाह्न 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के तटीय जिलों रत्नागिरी और रायगड के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे और सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सतारा और कोल्हापुर के घाट क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. मूसलाधार बारिश को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों को बचाव कार्यों के लिए तैनात किया गया है.राज्य आपदा प्रबंधन रिपोर्ट के अनुसार, रत्नागिरी में सबसे अधिक 88.1 मिमी बारिश दर्ज की गई. जबकि रायगड में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी बारिश दर्ज की गई. यह बारिश रविवार सुबह 11 बजे तक 24 घंटों में हुई.अधिकारियों के अनुसार, राज्य के विभिन्न हिस्सों में आठ लोगों की मौत हो गई है और 10 लोग घायल हुए हैं. उन्होंने बताया कि मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में ज्यादातर मौतें बिजली गिरने से हुई हैं. कोंकण क्षेत्र की प्रमुख नदियों में रत्नागिरी जिले की जगबुडी नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है और अगर जल स्तर बढ़ता है तो इसके किनारे बसे खेड़, अलसुरे, चिंचघर और प्रभुवाड़ी गांव प्रभावित हो सकते हैं.

फास्ट ट्रैक

## अन्ना हजारे को कहा जाता है आधुनिक भारत का गांधी

**आज यानी की 15 जून को अन्ना हजारे का 88वां जन्मदिन है।उनको 21वीं सदी के लोकप्रिय भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का नायक कहा जाता है।अन्ना हजारे ने भारत की जनता को नया अधिकार दिलाने का काम किया और खुद को धूप में तपाया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , आज यानी की 15 जून को अन्ना हजारे का 88वां जन्मदिन है। उनको 21वीं सदी के लोकप्रिय भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का नायक कहा जाता है। अन्ना हजारे ने भारत की जनता को नया अधिकार दिलाने का काम किया और खुद को धूप में तपाया। इसलिए उनको 'आधुनिक भारत का गांधी' कहा गया है। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर अन्ना हजारे के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में... महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के एक छोटे से गांव भिंगर में 15 जून 1937 को अन्ना हजारे का जन्म हुआ था।इनका पिता का नाम बाबूराव हजारे और मां का नाम लक्ष्मीबाई था। साल 1947 में जब अन्ना हजारे 9 साल के थे, तब एक रिश्तेदार उनको पढ़ाई के लिए मुंबई ले गए। क्योंकि रालेगण सिद्धि के पास कोई प्राइमरी स्कूल नहीं था।

### पश्चिम मध्य रेल पर डिजिटल लेनदेन को मिल रहा बढ़ावा

**डिजिटल कैशलेस ट्रांजेक्शन से 13 लाख से अधिक पैसेंजरों से 10 करोड़ रुपए से अधिक का रेलवे राजस्व अर्जित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर । रेलवे में यात्रियों को अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक से कैशलेस ट्रांजेक्शन की सुविधा को बढ़ाया जा रहा है।इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल द्वारा डिजिटल तकनीक के माध्यम से कैशलेस ट्रांजेक्शन को बढ़ावा दिया जा रहा है। तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में पीआरएस काउंटर्स, यूटीएस काउंटर्स एवं पार्सल कार्यालयों पर पीओएस मशीन से कैशलेस ट्रांजेक्शन किया जा रहा है।इसके अलावा अन्य तरह के डिजिटल तकनीक जैसे भीम/ यूपीआई तथा मोबाइल टिकटिंग के माध्यम से भी कैशलेस ट्रांजेक्शन का उपयोग किया जा रहा है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के पीआरएस, यूटीएस, यूटीएस कम पीआरएस एवं पार्सल के कार्यालयों में लगभग 45 पीओएस मशीनों के माध्यम से डिजिटल कैशलेस ट्रांजेक्शन किया जा रहा है।जिसके परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के मई माह में पीआरएस एवं यूटीएस से डिजिटल कैशलेस ट्रांजेक्शन से 13 लाख 23 हजार 127 यात्रियों की बुकिंग की गई है, जिससे 10 करोड़ 31 लाख 61 हजार 685 रुपए का रेलवे राजस्व अर्जित किया है। मई माह में पीआरएस एवं यूटीएस से पीओएस मशीन, भीम/यूपीआई एवं मोबाईल टिकटिंग ऐप के माध्यम से डिजिटल कैशलेस ट्रांजेक्शन कि जानकारी इस प्रकार है। कैशलेस भुगतान से पमरे में तीनों मण्डलों द्वारा आरक्षण कार्यालय (पीआरएस) में पीओएस मशीन से 2818 यात्रियों को बुक करके 16 लाख 56 हजार 627 रुपए का राजस्व अर्जित किया। वहीं भीम ऐप/ यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) प्रणाली का उपयोग कर 92875 यात्रियों से 4 करोड़ 17 लाख 45 हजार 968 रुपए का राजस्व अर्जित किया। इसी प्रकार यूटीएस में मोबाइल टिकटिंग से मई माह में पमरे को सबसे बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं, जिसमें 6 लाख 35 हजार 539 यात्रियों से 1 करोड़ 40 लाख 12 हजार 850 का राजस्व अर्जित किया। वहीं भीम ऐप/ यूपीआई प्रणाली का उपयोग कर 591895 यात्रियों से 4 करोड़ 57 लाख 46 हजार 240 रुपए का राजस्व अर्जित किया।डिजिटल ऑनलाइन भुगतान से नगदी ले जाने की आवश्यकता खत्म हो जाती है और इससे समय की भी बचत होती है। डिजिटल भुगतान मोड को एन्क्रिप्शन और डेटा प्रमाणीकरण के विभिन्न स्तरों के साथ सुरक्षित बनाया गया है। पश्चिम मध्य रेलवे तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में डिजिटल ऑनलाइन मोड कैशलेस ट्रांजेक्शन को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

## अजित पवार के भाषण में बच्चू कडू के समर्थकों ने लगाए नारे , कार्यक्रम स्थल से बाहर निकाले गये

**एक महिला समर्थक ने बाद में आरोप लगाया कि सरकार कडू की मांगों के प्रति उदासीन है, जबकि वह पिछले एक सप्ताह से किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



महाराष्ट्र के अमरावती जिले में भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व विधायक बच्चू कडू के समर्थकों ने शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री अजित पवार के संबोधन शुरू करते ही हंगामा करते हुए नारेबाजी की। घटना उस समय हुई, जब पवार सुबह शहर के स्वारगेट इलाके में गणेश कला क्रीड़ा मंच पर एक आदर्श विद्यालय के उद्घाटन व शिक्षकों को पुरस्कार वितरित करने के लिए आए थे। करीब 10 मिनट तक चले घटनाक्रम के बाद प्रदर्शनकारियों को कार्यक्रम स्थल से बाहर निकाल दिया गया। कडू के समर्थकों ने आरोप लगाया कि अचलपुर के पूर्व विधायक की भूख हड़ताल के बावजूद राज्य सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। कडू पिछले सात दिनों से अमरावती की तेओसा तालुका के गुरुकुंज मोजारी में भूख हड़ताल पर हैं। वह राज्य के किसानों के लिए पूर्ण ऋण माफी और दिव्यांगजनों के लिए 6,000 रुपये प्रति माह सहायता की मांग कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान, जब पवार दर्शकों को संबोधित करने के लिए खड़े हुए तो कडू के कुछ समर्थकों ने उन्हें बीच में रोक दिया और नारेबाजी करने लगे।पुलिस और अन्य अधिकारियों ने जब कडू के समर्थकों को रोकने की कोशिश की, तो पवार ने अधिकारियों से उन्हें अपनी बात कहने की अनुमति देने के लिए कहा। उपमुख्यमंत्री ने उन्हें शांत करने की कोशिश करते हुए कहा कि शुक्रवार को राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कडू से बात की थी और कहा था कि एक समिति बनाने का फैसला लिया गया है तथा उनकी मांगों पर निर्णय लिया जाएगा। कडू के समर्थक हालांकि किसी बात को सुनने को राजी नहीं थे, जिसके बाद पवार ने पुलिस को निर्देश दिया कि वे उन्हें सभागार से बाहर ले जाएं। पुलिस ने निर्देश का पालन करते हुए समर्थकों को बाहर निकाल दिया और कार्यक्रम जारी रहा।एक महिला समर्थक ने बाद में आरोप लगाया कि सरकार कडू की मांगों के प्रति उदासीन है, जबकि वह पिछले एक सप्ताह से किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कडू को कृषि ऋण माफी की मांग पर निर्णय लेने के लिए एक समिति गठित करने का आश्वासन दिया था।

## ठाणे में गोदाम परिसर में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत

**अधिकारी ने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर ली गई है और यातायात को दूसरे मार्गों की तरफ मोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक गोदाम परिसर में भीषण आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार शाम चार बजकर 50 मिनट की है जिसमें आठ गोदामों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के प्रयास अब भी जारी हैं। भिवंडी निजामपुर महानगरपालिक के अग्निशमन अधिकारी विजय जाधव ने बताया कि संदेह है कि भिवंडी के दपोडी गांव में प्रेरणा कॉम्प्लेक्स में एक रासायनिक भंडारण क्षेत्र में शुरूआत में आग लगी और फिर तेजी से फैली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दूर से धुएं का गुबार देखा जा सकता है। जाधव ने बताया कि अग्निशमन दल ने रात में एक गोदाम से एक व्यक्ति का जला शव बरामद किया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है , शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि आग के कारण आठ गोदामों को नुकसान पहुंचा है, कुछ गोदामों में रसायन रखा था और कुछ में गत्ते। उन्होंने बताया कि भिवंडी, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, उल्हासनगर और अंबरनाथ से अग्निशमन इकाइयां आग बुझाने के काम में लगी हैं। कई निजी पानी टैंकर की मदद ली जा रही है। अधिकारी ने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर ली गई है और यातायात को दूसरे मार्गों की तरफ मोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



## महाराष्ट्र में भी सामने आई 'सोनम', पति की हत्या कर शव के टुकड़े-टुकड़े घर में ही दफना दिया, बाद में..., घटना से मचा हड़कंप

**महाराष्ट्र के नासिक में एक घटना ने सनसनी फैला दी है। सुरगाणा तालुका के मालगोंडा में एक पत्नी ने अपने पति की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं उसने पति के टुकड़े-टुकड़े करके उसे घर में ही दफना दिया। घटना का पता चलने के बाद इलाके में दहशत फैल गई है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




नासिकः महाराष्ट्र में नासिक जिले के सुरगाणा तालुका में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मालगोंदा गांव में एक पत्नी ने अपने पति की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। इतना ही नहीं उसने शव के टुकड़े कर घर में ही दफना दिए। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। यह घटना इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड की याद दिलाती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक का नाम यशवंत मोहन ठाकरे है। वह मालगोंदा सुरगाणा के रहने वाले थे। उनकी पत्नी ने ही उनकी जान ले ली। यशवंत के माता-पिता ने अपनी बहू से बेटे के बारे में पूछा। उनका बेटा दो महीने से गुजरात में मजदूरी करने गया था और लौटा नहीं था। बहू ने उन्हें ठीक से जवाब नहीं दिया। इसके बाद बहू खुद गुजरात के बिलीमोरा चली गई। इससे परिवार को शक हुआ। यशवंत के वापस न आने पर उन्होंने और पूछताछ करने की कोशिश की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। आखिरकार यशवंत के भाई की पत्नी प्रभा उनसे मिलने आई। उसे कुछ अजीब लगा। उसने यह बात अपने पति को बताई। इसके बाद यह मामला सामने आया। घर से मिला शवपुलिस ने मामले की छानबीन की। उन्हें यशवंत का शव घर के सोख्ता गड्ढे में मिला। पुलिस ने बोरी में भरे शव के टुकड़े बरामद किए। पुलिस ने बताया कि उसका शव घर के सोख्ता गड्ढे में मिला।

## आपके बाबा नहीं रहे... उल्हासनगर में जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान हुआ चमत्कार

**☞ महाराष्ट्र में ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक अस्पताल ने बड़ी लापरवाही सामने आई है। डॉक्टरों ने एक जिंदा आदमी को मरा हुआ बता दिया। और तो और उन्होंने डेथ सर्टिफिकेट भी दे दिया। 65 साल के अभिमान तायडे को डॉक्टरों ने गलती से मृत घोषित कर दिया। हालांकि अंतिम संस्कार की तैयारियों के बीच उन्हें होश आ गया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई/ठाणेः डॉक्टरों की ओर से मरीजों का इलाज करते समय चौंकाने वाली घटनाएं सामने आई हैं। कभी ऑपरेशन के दौरान पेट में तौलिया छोड़ देने, तो कभी कैंची छोड़ देने जैसी कई घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे में ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक अस्पताल ने बड़ी लापरवाही की है। डॉक्टरों ने एक जिंदा आदमी को मरा हुआ बता दिया। और तो और उन्होंने डेथ सर्टिफिकेट भी दे दिया। 65 साल के अभिमान तायडे को डॉक्टरों ने गलती से मृत घोषित कर दिया। हालांकि अंतिम संस्कार की तैयारियों के बीच उन्हें होश आ गया। अचानक जिंदा होने की खबर से हड़कंप मच गया। उधर, इस घटना से मेडिकल क्षेत्र में लापरवाही को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कुछ दिनों से थे बीमारदरअसल अभिमान तायडे कुछ दिनों से बीमार थे। उनका इलाज मुंबई के एक अस्पताल में चल रहा था। अचानक



वे बेहोश हो गए। उनके बेटे उन्हें रिक्शा से उल्हासनगर के एक अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टरों ने रिक्शे में ही उनकी जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल ने तुरंत डेथ सर्टिफिकेट भी दे दिया। इसके बाद परिवार वाले अभिमान को घर ले गए। धड़कन से पता चली जिंदा होने की बातपरिवार वाले दुखी थे क्योंकि उन्हें लगा कि अभिमान अब नहीं रहे। उन्होंने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। तभी किसी ने देखा कि अभिमान के सीने में धड़कन साफ सुनाई दे रही है। वे तुरंत उन्हें उल्हासनगर के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। अभिमान होश में आ गए। उनकी जान बच गई। जिससे परिवार वालों ने राहत की सांस ली।

### डॉक्टरों ने मानी गलती

इस मामले में डॉक्टरों ने अपनी गलती मान ली है। उन्होंने कहा कि उन्हें मरीज की नब्ज नहीं मिली। आस-पास शोर होने के कारण उन्हें दिल की धड़कन भी सुनाई नहीं दी। डॉक्टरों ने कहा कि उन्होंने गलती से मृत घोषित कर दिया और वे इसके लिए खेद जताते हैं। लेकिन इस तरह की लापरवाही से डॉक्टरों पर सवाल उठ रहे हैं।

**बड़ा फैसला** आषाढी वारी के दिंडियों को देगी 20,000 रुपये अनुदान

# देवेंद्र फडणवीस सरकार का बड़ा फैसला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

**☞ आषाढी वारी में भाग लेने वाले वारकरियों के लिए महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार 10 प्रतिष्ठित पालकियों के साथ चलने वाली 1109 दिंडियों को प्रतिदिन दिंडी 20,000 रुपये अनुदान का देगी। इस संबंध में सरकार ने शासनादेश भी जारी किया है।**



मुंबईः आषाढी वारी में भाग लेने वाले वारकरियों के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार 10 प्रतिष्ठित पालकियों के साथ चलने वाली 1109 दिंडियों को प्रतिदिन दिंडी 20,000 रुपये अनुदान देगी। इस संबंध में सरकार ने शासनादेश जारी किया है। वैसे, पिछले साल भी तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पालकी में भाग लेने वाले प्रत्येक दिंडी के लिए 20,000 रुपये की आर्थिक मदद दी थी।

### कितना मिलेगा अनुदान?

विभागीय आयुक्त ने साल 2023-24 में 1109 दिंडी की एक लिस्ट राज्य सरकार को दी थी। पिछले साल की तरह इस साल भी पंढरपुर में आषाढ़ी एकादशी यात्रा के लिए 10 प्रतिष्ठित पालकियों के साथ चलने वाली 1109 दिंडी को प्रतिदिन 20 हजार रुपये अनुदान देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर पंढरपुर की दिशा में निकले लाखों वारकरियों के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा कक्ष 'चरणसेवा' उपक्रम लागू करेगी।

### 5 हजार चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी होंगे तैनात

नाशिक, जालना, सातारा, सोलापुर और पुणे जिले से निकली पालकियों में शामिल होने वाले वारकरियों के स्वास्थ्य की जांच, इलाज और चरण सेवा करने के लिए तकरीबन 5 हजार चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सरकार के आदेश के अनुसार, वारकरियों की दिंडी के लिए 43 स्थानों पर रुकने की व्यवस्था की गई है। इन स्थानों पर चरण सेवा की जाएगी और वहां सुसज्जित चिकित्सा जांच केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा दिंडी मार्ग पर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, गैर सरकारी संगठनों और सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों के समन्वय से यह सेवा प्रदान की जा रही है।

### तगड़ी सुरक्षा, ड्रोन से नजर

वारी महाराष्ट्र में एक धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा है। यह यात्रा आषाढ़ और कार्तिक माह की एकादशी पर साल में दो बार आयोजित की जाती है। इस साल वारी समारोह के लिए राज्य पुलिस बल के 6,000 पुलिसकर्मियों और 3,200 होमगार्डों को तैनात किया जाएगा। रिजर्व पुलिस बल की छह टुकड़ियों को तैनात किया गया है। पूरे पालकी मार्ग पर ड्रोन की मदद से निगरानी की जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को सतर्क कर दिया गया है।5200 एसटी बसों की मिलेगी सेवाआषाढ़ी एकादशी के मौके पर भगवान विठ्ठल का दर्शन करने के लिए राज्यभर से ही नहीं बल्कि देश के अलग-अलग हिस्से से बड़ी संख्या में भक्त पंढरपुर आते हैं। भक्तों की सेवा के लिए राज्य परिवहन महामंडल एसटी 5200 विशेष बसें चलाने जा रही है। ऐसी जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दी।

## योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की विधि नहीं है, यह हमारी सनातन संस्कृति का मूल है:अभिषेक वर्मा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




नई दिल्ली में 15 जून 2025 को आयोजित ′योग महाकुंभ′ कार्यक्रम ने योग साधकों शिक्षकों एवं समाजसेवियों का विशाल संगम प्रस्तुत किया। यह ऐतिहासिक आयोजन अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ (ABYOGASMS Foundation) के तत्वावधान में लाजपत भवन ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डॉ. अभिषेक वर्मा जी और उनकी सुपुत्री निकोल वर्मा आई। जो एक सनातनी राजनीतिज्ञ और उद्योगपति के रूप में विख्यात हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ और पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर श्री अभिषेक वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की विधि नहीं है, यह हमारी सनातन संस्कृति का मूल है।

भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, योगः कर्मसु कौशलम्ह्व, यानि कर्म में कुशलता ही योग है। वेदों में योग को आत्मा की शुद्धि और चित्त की स्थिरता का माध्यम बताया गया है। आज जब दुनिया तनाव और भौतिकता से जूझ रही है, तब योग ही वह साधन है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है। स्वस्थ भारत, संस्कारवान समाज, और आत्मनिर्भर राष्ट्र की कल्पना बिना योग के अधूरी है। शिवसेना (NDA) और हमारे पथप्रदर्शक बाला साहेब ठाकरे जी हमेशा इस विचार के पक्षधर रहे कि राष्ट्र निर्माण आत्मनियंत्रण और संयम से ही संभव है, और योग उसका आधार है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने योग को वैश्विक मंच पर स्थापित किया, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इसका प्रमाण है। शिवसेना के पोर्टफोलियो में आयुष मंत्रालय, फिट इंडिया मूवमेंट, और डिजिटल योग अभियान योग को हर घर तक पहुँचा रहे हैं। आइए, संकल्प लेंः योग अपनाएँ, जीवन सजाएँ, और भारत को फिर से विश्वगुरु बनाएँ। जय सनातन। जय हिंद। विशिष्ट अतिथियों में राजर्षि वेदमूर्ति आचार्य पवन दत्त मिश्रा महाराज जी, स्वामी अमित देव जी, डॉ. ईश्वर तथा योग गुरु मंगेश त्रिवेदी शामिल रहे। योग गुरु मंगेश त्रिवेदी जो ABYOGASMS के संस्थापक हैं ने कहा कि यह आयोजन योग को जन-जन तक पहुंचाने का एक बड़ा प्रयास है। कार्यक्रम में विभिन्न योग संगठनों, विद्यालयों और संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और इसे एक महाकुंभ की भांति मनाया गया।

## 50 वर्षीय समाजसेवी शरीफ खान बने एड.शरीफ खान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ,मुलुंड के समाज सेवक,राजनेता शरीफ खान ने 50 वर्ष की आयु में कठिन परिश्रम एवम परिवार का भरण-पोषण करते हुए मुंबई विश्वविद्यालय से वकालत एल.एल.बी डिग्री हासिल किया है। शरीफ खान मूलतः ग्राम- चांद पुर,तहसील पट्टी,प्रताप गढ़,उ.प्र.के निवासी है।पारिवारिक दायित्व के चलते 1991 में 8वीं पास करने के पश्चात पढाई छोड दिये और रिक्शा व्यवसाय से जुड़ गये। बच्चों को पढ़ाई करते देख 26 साल बाद पढ़ाई की ललक उठी।और 2017 में उन्होंनें एस.एस.सी.का फार्म भरा।और सेकंड क्लास पास हुये।2019 में12वीं में कामर्स से सेकंड क्लास उत्तीर्ण हुये। फिर बी.एल.एस.एल.एल.बी (पांच वर्षीय पाठ्यक्रम) का इन्टरेंस परीक्षा दिये और पास होकर अस्मिता विधी कालेज,विक्रोली में एडमिशन लिया। पांच वर्ष मेहनत से पढ़ाई कर बी.एल.एस.एल.एल.बी.में फर्स्ट क्लास पास हुये। शरीफ खान समता हाकर्स युनियन के अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र कांग्रेस उ.भा.सेल के सचिव हैं। शरीफ खान के उज्जवल भविष्य हेतु वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबूलाल सिंह, बीरेन्द्र पाठक, रामदास सोनावणे, डॉ.सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड एसोसिएशन),दयाशंकर पाल (कराटे प्रशिक्षक), राकेश मिश्रा,सियाराम सिंह (शिक्षाविद),परेश रामानी, ह्रदय नारायण सिंह,नरेंद्र सिंह,सुभाष चंद्र जायसवाल,गोविंद जायसवाल,सुरज वर्मा,विनय जायसवाल ने केशवपाडा,पी.के.रोड,मुलुंड में युवा ब्रिगेड एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शाल पुष्प गुच्छ देकर मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।



## ठाणे-बोरीवली टनल निर्माण के प्रदूषण से राहत मिलने पर मुल्लाबाग के निवासियों ने व्यक्त किया आभार




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे-बोरीवली मार्ग पर नई सुरंग को मुल्लाबाग के बजाय सत्यशंकर दीवार तक विस्तारित करने का निर्णय लिए जाने पर ठाणे-बोरीवली मार्ग के निवासियों ने संतोष व्यक्त किया है। इस निर्णय के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद नरेश म्हस्के का रविवार 15 जून को मुल्लाबाग में ठाणे-बोरीवली जुड़वां सुरंग परियोजना प्रभावित लोगों के संगठन की ओर से आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। ठाणे-बोरीवली सुरंग परियोजना के कारण मुल्लाबाग में पांच इमारतों में रहने वाले निवासियों को यातायात की भीड़, धूल और ध्वनि प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा था। निवासियों ने यहां काम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इस विरोध को ध्यान में रखते हुए सांसद नरेश म्हस्के की पहल पर मंगलवार को सह्याद्री गेस्ट हाउस में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने निवासियों और एमएमआरडी अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर एक विशेष बैठक की। बैठक में मुल्लाबाग निवासी संघों के प्रतिनिधियों की बात सुनी गई और उनकी समस्याओं को समझा गया। फिर उनकी मांग के अनुसार मुल्लाबाग के बजाय सुरंग को सत्यशंकर दीवार तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस मार्ग पर यातायात की भीड़ और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए वर्तमान में कन्वेयर बेल्ट पर ले जाए जा रहे सड़क के मलबे को ढकने और फिर परिवहन करने का निर्णय लिया गया। खचाखच भरे हॉल में पिछले कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे निवासियों के चेहरों पर संतुष्टि का भाव दिखाई दे रहा था। जब हम मुसीबत में होते हैं, तो उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद नरेश म्हास्के हमेशा हमारी मदद के लिए आते हैं। कोई भी समस्या हो, वे हमेशा ऐसा समाधान निकालते हैं जो सही और निवासियों के पक्ष में हो। विपक्षी दल के नेता चाहे जितना भी आवाज उठाएं, चाहे जितना भी काम का श्रेय लेने की कोशिश करें, लेकिन कई निवासियों ने यह भावना व्यक्त की कि यहां के निवासी समझदार हैं। अभिनंदन पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि यह श्रेय हमारा नहीं बल्कि लोगों का है, उन्होंने कहा कि यहां के निवासियों ने यह लड़ाई जीती है। निवासियों को बधाई देते हुए सांसद नरेश म्हस्के ने आश्वासन दिया कि हम हमेशा निवासियों के साथ हैं। इस अवसर पर नितीण लांडगे, आशुतोष सिरोलकर, राकेश मोदी, सिद्धार्थ पांडे, गौतम दिघे, केतन खेडेकर, जयंत धाने, सुनील भिड़े, प्रसन्न मुजामदार, मदुरेश सिंह, नितिन सिंह, शरद वारस्कर, दीपक पांडे, पल्लवी सेठ, तारक मोदी, निवृति गावंडे, दीपक मल्होत्रा, टोनी सिंह, प्रल्हाद बोरसे, नीता कलोरे पल्लवी शेट्ये, कल्पना वोरा आदि प्रमुख रूप उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

## विद्यार्थियों को सीधे स्कूल में मिलेंगे एसटी पास - प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , स्कूल और कॉलेजों में पढ़ने वाले लाखों विद्यार्थियों को अब सीधे उनके स्कूलों में ही एसटी पास वितरित किए जाएंगे। परिवहन मंत्री और एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने स्थानीय एसटी प्रशासन को इस आशय निर्देश दिए हैं। मंत्री सरनाईक ने कहा कि नए शैक्षणिक वर्ष के पहले सेमेस्टर के स्कूल 16 जून से शुरू हो रहे हैं। सरकार ने एसटी के जरिए विद्यार्थियों को घर से स्कूल जाने के लिए 66.66 फीसदी की छूट दी है, यानी विद्यार्थी केवल 33.33 फीसदी राशि का भुगतान करके मासिक पास प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह सरकार की ₹पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर₹ योजना के तहत 12वीं तक पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को मुफ्त एसटी पास वितरित किए जाते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को एसटी पास केंद्र पर जाकर पास लेने के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ता था। या फिर वे समूह में डिपो जाकर डिपो प्रबंधन से पास लेते थे। अब विद्यार्थियों को पास के लिए कतार में नहीं लगना पड़ेगा। स्कूल-कॉलेजों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार एसटी कर्मचारी विद्यार्थियों को सीधे स्कूल में ही एसटी पास देंगे। ताकि उनका शैक्षणिक समय बर्बाद न हो। इस संबंध में एसटी प्रशासन 16 जून से विशेष अभियान 'एसटी पास सीधे आपके स्कूल में' चला रहा है। इससे पहले एसटी डिपो प्रबंधकों ने सभी स्कूल-कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और प्रधानाचार्यों को पत्र लिखकर नए साल में अपने स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार रखने को कहा है।इस अभिनव योजना से राज्य में पढ़ने वाले लाखों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। यह बात मंत्री सरनाईक ने कही है।

## जमीन विवाद में दबंगों का हमला

### शाहजहांपुर में एक ही परिवार की 4 महिलाएं घायल, एक की हालत नाजुक

शाहजहांपुर, थाना मिर्जापुर क्षेत्र में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। हस्सीपुर गांव में दबंगों ने एक परिवार की महिलाओं पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में एक ही परिवार की चार महिलाएं घायल हो गई। सुमन के मकान के पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग उनकी जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे थे। वे ठेली में ईंटें ले जा रहे थे। सुमन और उनके परिवार की महिलाओं ने इसका विरोध किया। महिलाओं ने ईंट से भरी ठेली को रोक लिया। शुरू में दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की हुई। फिर विवाद बढ़ने पर दबंगों ने महिलाओं पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में सुमन, उनकी देवरानी रीना और सुमन की दो बेटियां घायल हो गईं। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायलों को पहले सीएचसी ले जाया गया। एक महिला की स्थिति नाजुक देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना के दौरान का वीडियो सामने आया है। जिसमें एक महिला खून से लथपथ दिखाई दे रही है। मिर्जापुर थाना प्रभारी के अनुसार दोनों पक्षों की तरफ से एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 28 साल की उम्र में 72 बार रक्तदान का रिकॉर्ड

### अभिषेक साहू को काशी में मिला रक्त नायक अवार्ड

मिर्जापुर, रॉबिन हुड आर्मी के सदस्य अभिषेक साहू को वाराणसी में रक्त नायक अवार्ड से सम्मानित किया गया। मंडलीय अस्पताल ब्लड बैंक के पीआरओ राम कुमार ने बताया कि अभिषेक उत्तर प्रदेश के पहले ऐसे रक्तदाता हैं, जिन्होंने मात्र 28 वर्ष की आयु में 72 बार रक्तदान किया है। अभिषेक ने 25 बार रक्तदान और 47 बार वाराणसी जाकर एसडीपी दान किया है।

## अंबरनाथ पश्चिम के चाइल्ड हुड फाउंडेशन स्कूल की जर्जर ईमारत के विरुद्ध नपा ने दिया नोटिस

### बच्चों का जीवन और भविष्य जर्जर ईमारत के साए में।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. अंबरनाथ पश्चिम स्थित मातोश्री नगर में चल रहे चाइल्ड हुड फाउंडेशन स्कूल में देश के भविष्य और नौनिहालों को अत्यंत जर्जर भवन में शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस स्कूल में कक्षा चौथी तक के लगभग 75 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उक्त स्कूल की कक्षाएं और ईमारत वर्षों पुरानी बनी हुई हैं जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गई है। स्कूल प्रबंधन बच्चों के भविष्य और उनके अमूल्य जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। एक जागरूक नागरिक ने स्कूल की जर्जर ईमारत के विरुद्ध नपा में शिकायत की। शिकायत का संज्ञान लेते हुए नपा के संबंधित विभाग के अधिकारियों ने स्कूल का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया तो निरीक्षण में स्कूल की जर्जर ईमारत को देखते हुए स्कूल को नोटिस प्रदान किया और स्कूल को अन्य सुरक्षित जगह पर संचालित करने का आदेश दिया।

विमको नाका परिसर के रहने वाले एक जागरूक नागरिक फिरोज पठान ने 100 वर्ष पुरानी चाल की जर्जर ईमारत में स्कूल चलाने वाले प्रबंधन के विरुद्ध नपा के मुख्याधिकारी,गट शिक्षण अधिकारी, प्रशासक के साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र भेजकर भी स्कूल की स्थिति से अवगत कराया था। फिरोज पठान की शिकायत का संज्ञान लेते हुए नपा प्रशासन ने दस जून को स्कूल प्रबंधन को लिखित नोटिस देकर चेतावनी देते हुए सलाह दी है स्कूल को अन्यत्र सुरक्षित जगह शिफ्ट किया। नोटिस में कहा गया समय रहते स्कूल को अन्य सुरक्षित जगह स्थानांतरित नहीं किया गया तो नपा प्रशासन द्वारा महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन व नगररचना अधिनियम 1966 की कलम 53 से 56 के अनुसार तोड़क कार्यवाही की जाएगी।

## केन्द्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल का मुंबई में सत्कार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ,केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के मुंबई आगमन पर युवा ब्रिगेड एसोसिएशन ,मुंबई के अध्यक्ष डॉ.सचिन सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबूलाल सिंह,पनवेल के सुप्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.सुभाष सिंह, डॉ.एस.आर. वर्मा,संतोष विश्वकर्मा , अरूण दीक्षित,राजेश रंजीत एवं घनश्याम गुप्ता ने भी मंत्री महोदया का सत्कार किया। मंत्री महोदया एक कार्यक्रम के लिए मुंबई आई थी। श्रीमती पटेल अपना दल (एस) की प्रमुख होने के साथ की ओबीसी की प्रमुख नेता हैं। उनके मुंबई आगमन पर समाज के कार्यकर्ता उनसे मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराते रहते हैं।

## आई-बाबा सामाजिक संस्था ने किया नोटबुक वितरत



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,आई-बाबा सामाजिक संस्था ने लगातार 17वें वर्ष ठाणे में विद्यार्थियों को नोटबुक वितरित की। जूनियर केजी से लेकर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई कर रहे 1,100 से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल शुरू होने से पहले नोटबुक मिलने पर खुशी हुई। संस्था के अध्यक्ष जयेंद्र कोली और पूर्व नगरसेवक नम्रता कोली ने इस पहल को क्रियान्वित किया। महागिरी कोलीवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, जिला अध्यक्ष संदीप लेले, पूर्व वरिष्ठ नगरसेवक संजय वाघुले, पूर्व नगरसेवक सुनील हंडोरे, नौपाड़ा मंडल अध्यक्ष रोहित गोसावी, महेंद्र जैन, दिलीप शाह, परेश शाह, नरेश ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। गणमान्य व्यक्तियों ने 2008 से निरन्तर चल रहे नोटबुक एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम की सराहना की। आई-बाबा सामाजिक संस्था के अध्यक्ष जयेन्द्र कोली एवं पूर्व पार्षद नम्रता कोली ने 17 वर्षों से निरन्तर नोटबुक वितरित कर समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है। गणमान्य व्यक्तियों ने अपने भाषण में प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पहल से अब तक हजारों विद्यार्थियों को मदद मिली है।

## चार मेट्रो लाइन के लिए मोघरपाड़ा में सबसे बड़े एकीकृत मेट्रो डिपो के लिए एमएमआरडीए को मिली जमीन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और माननीय उपमुख्यमंत्री एवं एमएमआरडीए के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे के दूरदर्शी नेतृत्व में और एमएमआरडीए महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी (बी.एस.) के मार्गदर्शन में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने ठाणे जिले के मोघरपाड़ा में कुल 174.01 हेक्टेयर जमीन का आधिकारिक तौर पर अधिग्रहण किया है। इस स्थल पर विश्वस्तरीय एकीकृत मेट्रो कार डिपो स्थापित किया जाएगा। यह डिपो मेट्रो लाइन 4, 4ए, 10 और 11 के लिए एक केंद्रीय संचालन और रखरखाव केंद्र है, और यह सीएसएमटी और मीरा रोड के बीच कुल 55.99 किलोमीटर मेट्रो लाइन का संचालन करेगा।सर्वेक्षण संख्या 30 (पुराना सर्वेक्षण संख्या 28) में भूमि को महाराष्ट्र सरकार के 16 अक्टूबर, 2023 के सरकारी निर्णय के अनुसार एमएमआरडीए को ₹जैसी है वैसी₹ हस्तांतरित कर दिया गया है, जो राज्य सरकार के महत्वपूर्ण सार्वजनिक परिवहन बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देने के रुख का संकेत है। इन सभी चार लाइनों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) द्वारा तैयार की गई थी। एकीकरण और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए ठाणे घोड़बंदर रोड के मोघरपाड़ा में एक एकल संयुक्त डिपो प्रस्तावित किया गया था। मोघरपाड़ा मेट्रो डिपो को मेट्रो लाइन 4, 4ए, 10 और 11 के लिए एक महत्वपूर्ण नियंत्रण और रखरखाव केंद्र के रूप में विकसित किया जाना है। यह केंद्र निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली सेवा सुनिश्चित करेगा। डिपो मुख्य रूप से निम्नलिखित जिम्मेदारियाँ निभाएगा। जैसे गैर-परिचालन घंटों के दौरान ट्रेनों की पार्किंग ताकि उन्हें पीक ऑवर्स के दौरान तुरंत इस्तेमाल किया जा सके। सभी मेट्रो ट्रेनों का भारी ओवरहाल और नियमित रखरखाव ।सुरक्षा के लिए गहन परीक्षण के बाद उपकरणों को हटाना और स्थापित करना। ट्रेन और डिपो सिस्टम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर (OCC) और डिपो कंट्रोल सेंटर (DCC) के माध्यम से एकीकृत नियंत्रण प्रणाली। ये सभी सुविधाएँ मुंबई मेट्रो नेटवर्क की दीर्घकालिक सेवा दक्षता, विश्वसनीयता और भविष्य की मापनीयता के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेंगी।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से मौत

### किशोर की गई जान, चालक फरार, तलाश जारी, पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, खुदागंज थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान शिव सिंह उर्फ शिवा के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब शिव सिंह हरदेनी देहात माली गांव की ओर घूमने जा रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के चाचा महेंद्र सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महेंद्र सिंह गांव अभयपुर के निवासी हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। खुदागंज पुलिस ने मौके का मुआयना किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## 36 घंटे में बुजुर्ग हत्याकांड का खुलासा

### दो युवकों ने गाली-गलौज के बाद चाकू से की थी हत्या, गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना अल्लाहगंज क्षेत्र में एक बुजुर्ग की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।13 जून की रात गांव सपाह में हुई इस वारदात में कल्याण सिंह उर्फ कल्लू की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आरोपी जयवीर सिंह और बिजेन्द्र सिंह को कुंवरपुर वांक जाने वाले रास्ते से पकड़ा। पूछताछ में जयवीर उर्फ बरेली बाबू ने बताया कि घटना की रात वह और उसका साथी बिजेन्द्र उर्फ नन्हे लल्ला अपने दरवाजे पर बैठे थे। दोनों ने नशा कर रखा था। इसी दौरान कल्याण सिंह वहां से गुजरे और गाली-गलौज करने लगे। जब मना करने पर नहीं माने और लाठी चलाने लगे, तो दोनों आरोपी उन्हें खींचकर अपने दरवाजे पर ले आए। बिजेन्द्र ने पीछे से पकड़ लिया और जयवीर ने उनके सीने में चाकू मार दिया। मौके पर ही कल्याण की मृत्यु हो गई। आरोपियों ने डर के मारे चाकू को नाले में फेंक दिया और फरार हो गए। थाना प्रभारी ओमप्रकाश की टीम ने 36 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी गलती कबूल की है।

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

### पीलीभीत के किसान की मौत, दो घायल; सब्जी खरीदकर लौट रहे थे घर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, सड़क हादसे में पीलीभीत के एक किसान की मौत हो गई। निगोही के नहर पुलिया के पास एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान पीलीभीत जिले के थाना करेली क्षेत्र के गांव मानपुर जलालपुर निवासी 55 वर्षीय राजवीर के रूप में हुई है। राजवीर गांव के ओमपाल और पड़ोस के बंडा गांव के आशीष के साथ चैना बाजार गए थे। सब्जी खरीदकर वापस लौटते समय यह हादसा हुआ। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने तीनों घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने राजवीर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार राजवीर खेतीबाड़ी करके अपनी पत्नी और छह बच्चों का पालन-पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।



## खंती में मिले व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

### दोस्त बाइक पर बैठाकर ले गया, परिजनों ने लगाया हत्या का

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, व्यक्ति गंभीर हालत में खंती में पड़ा मिला था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान शेर सिंह के रूप में हुई है। परिवार का आरोप है कि दोस्त अपनी बाइक से शेर सिंह को लेकर गया था। उसके बाद वह घर नही लौटा। परिजनों का आरोप है कि दोस्त ने ही मारपीट कर शेर सिंह को फेंका है। उन्होंने आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। जलालाबाद थाना क्षेत्र के नयागांव महसूलपुर के रहने वाले 45 साल के शेर सिंह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे।

दस जून को उनका एक दोस्त घर आया और उनको बाइक पर बैठाकर ले गया। उसके बाद शेर सिंह घर नही लौटे। उसी दिन शाम में शेर सिंह का गंभीर हालत में थाना मदनापुर क्षेत्र के बुधवाना बाजार में स्थित एक खंती में मिले थे। वहां के लोगों ने देखने के बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस ने घायल की पहचान कर परिवार को जानकारी देने के साथ शेर सिंह को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान शेर सिंह की रविवार सुबह मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि शेर सिंह का किसी से कोई विवाद नही था। उनका दोस्त लेकर गया था। उसके बाद से सिर्फ एक बार दोस्त मिला था। उससे पूछने पर कहा कि वह शेर सिंह को लेकर नही गया। परिजनों ने दोस्त पर मारपीट कर खंती में फेंकने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

## 3 अफीम तस्कर गिरफ्तार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने अफीम तस्करी के एक बड़े रैकेट का पदार्फाश किया है। थाना रोजा पुलिस ने सीतापुर हाइवे पर स्थित हांडा ओवरब्रिज के पास से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक किलो से अधिक अफीम बरामद की है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत तीन लाख रुपये आंकी गई है। आरोपियों के पास से नगदी और तस्करी में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सरोज, शमशाद निवासी मिजार्पुर के रहने वाले अवनीश के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे अफीम की खेती करने वाले किसानों के यहां नौकरी करते थे। नौकरी के दौरान वे रोजाना थोड़ी-थोड़ी मात्रा में अफीम चुराकर इकट्ठा करते थे। जब पर्याप्त मात्रा जमा हो जाती, तब इसे अलग-अलग जगहों पर बेचकर मुनाफा कमाते थे। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# नाइजीरिया के बेन्यू में 100 लोगों की गोली मारकर हत्या

## सैकड़ों घायल, कई लापता; बंदूकधारियों ने कई परिवारों को घरों में बंद कर जिंदा जलाया

एजेंसी

अबुजा, नाइजीरिया के नॉर्थ-सेंट्रल बेन्यू स्टेट के गुमा स्थित येलेवाटा में कम से कम 100 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सैकड़ों लोग घायल हैं और दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। ह्यूमन राइट्स ग्रुप एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि यह हमला शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक हुआ। घायलों को अब तक जरूरी मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। एमनेस्टी के मुताबिक, इस सामूहिक हमले में हमलावरों ने गांव के कई परिवारों को उनके घरों में बंद करके जिंदा जला दिया। लोग इतने बुरी तरह जल गए, उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। बेन्यू पुलिस ने हमले की पुष्टि की है, लेकिन यह नहीं बताया कि हत्याएं किसने की और कितने लोग मारे गए हैं। स्थानीय लोगों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हमले में 100 से अधिक लोगों के मरने की आशंका है।



बेन्यू में जमीन-पानी के लिए मुस्लिम-ईसाई लोगों में लड़ाई बेन्यू नाइजीरिया के मध्य बेल्ट में है, जिसके उत्तर में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी है और दक्षिण में ज्यादातर ईसाई रहते हैं। दोनों समुदायों के बीच अक्सर जमीन और पानी के लिए लड़ाई होती है। जातीय और धार्मिक बंटवारे के कारण ये झगड़े और भी बदतर हो जाते हैं। खासकर जमीन को लेकर मुस्लिम और ईसाई चरवाहों और किसानों के बीच कॉम्पिटिशन है। चरवाहों को अपने मवेशियों के चरने लिए और किसानों को खेती के लिए जमीन की जरूरत होती है। किसान चरवाहों पर आरोप लगाते हैं कि वे मवेशियों को उनके खेतों में चराते हैं और फसल नष्ट कर देते हैं। चरवाहों का तर्क होता है कि ये जमीन चरागाह के रास्ते हैं, जिन्हें देश की आजादी के पांच साल बाद 1965 में पहली बार कानून बनने के बाद अधिकार मिला था। मई में चरवाहों ने 42 लोगों की गोली मारकर हत्या की पिछले महीने, नाइजीरिया के बेन्यू के ग्वेर वेस्ट जिले में हुए एक के बाद एक कई हमलों में संदिग्ध चरवाहों ने कम से कम 42 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अप्रैल में बेन्यू के पड़ोसी राज्य पठार में कम से कम 40 लोग मारे गए थे।

शोध फर्म एसबीएम इंटेलिजेंस के अनुसार, 2019 से अब तक बेन्यू में झड़पों ने 500 से अधिक लोगों की जान गई है और 22 लाख लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। नाइजीरिया में दो सालों में 10 हजार से ज्यादा लोग मारे गए एमनेस्टी इंटरनेशनल ने 29 मई 2025 को अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया था कि पिछले दो सालों में सेंट्रल और नॉर्थ नाइजीरिया में बंदूकधारियों के हमलों में कम से कम 10,217 लोग मारे गए हैं। एमनेस्टी ने राष्ट्रपति बोला अहमद टिनूबू को इसका दोषी ठहराया और कहा कि उनके पदभार संभालने के बाद हिंसक घटनाएं बढ़ी हैं। बेन्यू में सबसे अधिक 6,896 लोगों की मौत हुई, जबकि प्लैटो में 2,630 लोग मारे गए।

# डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को सीधी चेतावनी

## हमला हुआ तो अमेरिकी सेना की पूरी ताकत दिखेगी

एजेंसी

इजराइल और ईरान के बीच भीषण युद्ध जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है।

उन्होंने साफ कहा कि अगर ईरान की ओर से हम पर किसी भी तरह से हमला किया गया तो अमेरिकी सशस्त्र बलों की पूरी ताकत और शक्ति आप पर पहले कभी नहीं देखी गई स्तरों पर उतरेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी इजराइल और ईरान द्वारा एक दूसरे पर हाल ही में किए गए हमलों के बीच आई है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल



प्लेटफॉर्म पर दावा किया कि रातों-रात ईरान पर इजराइल के हमलों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। ट्रंप ने लिखा, 'आज रात ईरान पर हुए हमले में अमेरिका का कोई हाथ नहीं था। अगर ईरान द्वारा हम पर किसी भी तरह से हमला किया जाता है, तो अमेरिकी सशस्त्र बलों की पूरी ताकत और ताकत पहले कभी नहीं देखी गई स्तरों पर आप पर टूट पड़ेगी।' उन्होंने कहा कि वह आसानी से ईरान और इजराइल के बीच समझौता करा सकते हैं और इस संघर्ष को खत्म कर सकते हैं। इस बीच रविवार को ईरान ने तेहरान और वाशिंगटन डीसी के बीच छठे दौर की परमाणु वार्ता को रद्द कर दिया। आपको बता दें कि पिछले 24 घंटों में इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान पर हवाई हमले किए हैं और परमाणु ठिकानों


> अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी इजराइल और ईरान द्वारा एक दूसरे पर हाल ही में किए गए हमलों के बीच आई है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर दावा किया कि रातों-रात ईरान पर इजराइल के हमलों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि वह आसानी से ईरान और इजराइल के बीच समझौता करा सकते हैं।

और भूमिगत बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों सहित नागरिक और रक्षा बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है।

जवाबी कार्रवाई में इजराइल को मामूली नुकसान हुआ है, हालांकि यह पहली बार है जब राजधानी तेल अवीव को ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों से इतना बड़ा नुकसान हुआ है।

# ईरान के साथ एकजुटता से खड़ा है पाकिस्तान: प्रधानमंत्री शरीफ

> प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र से आग्रह किया कि वे इजराइल के आक्रामक रुख और उसके अवैध कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल एवं प्रभावी कदम उठाएं।



एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात कर एकजुटता व्यक्त की और इजराइल के हमले को स्पष्ट तौर पर उकसावे का कृत्य बताया। इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

हमलों में कई वरिष्ठ सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। बाद में ईरान ने भी जवाबी हमले किए। शरीफ ने शनिवार को पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत में ईरान के खिलाफ इजराइल के हमलों की कड़ी निंदा की।

उन्होंने कहा कि यह हमला ईरान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडतातथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर एवं अंतराष्ट्रीय कानून का पूर्ण उल्लंघन है। शरीफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से बात की और इजराइल के अकारण आक्रमण के सामने ईरान के लोगों के साथ पाकिस्तान की अटूट एकजुटता व्यक्त की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने इजराइल के हमलों को क्षेत्रीय, वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया।

रेडियो पाकिस्तान ने अपनी खबर में बताया कि उन्होंने फलस्तीनियों के खिलाफ इजराइल के लगातार नरसंहार अभियान की भी कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र से आग्रह किया कि वे इजराइल के आक्रामक रुख और उसके अवैध कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल एवं प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्षेत्र में शांति को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संदर्भ में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

राष्ट्रपति पेजेशकियन ने इस कठिन समय में, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ईरान के साथ पाकिस्तान के समर्थन और एकजुटता के लिए प्रधानमंत्री शरीफ को धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि शरीफ का यह भाव दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों को दर्शाता है।

# इजराइल ने ईरानियों से कहा- मिलिट्री लोकेशन खाली करो

## रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया; ईरान ने इजराइल की हाइफा रिफाइनरी पर मिसाइल दागी

एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव, ईरान और इजराइल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों के बीच बीते 3 दिनों से संघर्ष जारी है। इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। आईडीएफ के कर्नल अविचय अद्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हथियार



फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को तबाह किया है। पिछले तीन दिनों के दौरान इजराइली हमले से ईरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। ईरान ने भी पलटवार करते हुए इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 14 इजराइली मारे गए हैं और 380 घायल हैं।

# कांग्रेस ने पाकिस्तान को परमाणु संपन्न देश बनने देकर ऐतिहासिक भूल की : हिमंत



एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1980 के दशक में कोई कार्रवाई करने के बजाय पाकिस्तान को परमाणु शक्ति संपन्न देश बनने दिया जो एक ऐतिहासिक भूलथी। शर्मा ने दावा किया कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई को रोकने के लिए परमाणु धमकीका इस्तेमाल कर रहा है।मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ऐसे समय में जब आज विभिन्न देश परमाणु खतरों को बेअसर करने के लिए निर्णायक रूप से काम कर रहे हैं, 1980 के दशक के दौरान भारत की दुखद निष्क्रियता एक चेतावनी भरी कहानी है कि क्या हो सकता था, और क्या नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि यह किसी अवसर को गंवानेजैसा था क्योंकि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पास ठोस खुफिया जानकारी थी, जो कहुटा संयंत्र में पाकिस्तान की यूरेनियम संवर्धन गतिविधियों की पुष्टि करती थी।कांग्रेस की ऐतिहासिक भूल: भारत ने पाकिस्तान को परमाणु शक्ति संपन्न देश कैसे बनने दियाशीर्षक वाले पोस्ट में शर्मा ने दावा किया कि इजराइल ने कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी से लेकर संयुक्त हमले की योजना तक

> मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, भारत के पास खतरे को वास्तविकता बनने से पहले खत्म करने की क्षमता और आम सहमति थी। फिर भी आखिरी समय में इंदिरा गांधी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिणामों के डर से हिचकिचाहट दिखाई।

मदद की पेशकश की थी। उन्होंने कहा कि जामनगर वायुसेना अड्डे को संभावित लॉन्चपैड के रूप में चुना गया था और भारतीय सेना कहुटा पर हवाई हमले के लिए पूरी तरह से तैयार थी।मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, भारत के पास खतरे को वास्तविकता बनने से पहले खत्म करने की क्षमता और आम सहमति थी। फिर भी आखिरी समय में इंदिरा गांधी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिणामों के डर से हिचकिचाहट दिखाई।शर्मा ने दावा किया कि राजीव गांधी ने विदेशी दबाव में कूटनीति को प्राथमिकता देते हुए योजना को टाल दिया था।उन्होंने कहा कि इसका परिणाम यह हुआ कि 1988 में राजीव गांधी ने पाकिस्तान की तत्कालीन प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के साथ एक परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने पर परस्पर संयम बरतने का वचन दिया गया।

# एयर इंडिया विमान दुर्घटना, मृतकों की संख्या बढ़कर 278 हुई, शव मिलने का सिलसिला जारी

## अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 278 हो गई. मृतकों के डीएनए सैंपल की जांच प्रक्रिया जारी है.

> अहमदाबाद विमान दुर्घटनास्थल से अभी शव बरामद किए जा रहे हैं . आधिकारिक जानकारी के अनुसार शवों की तलाश का काम अभी भी जारी है . दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे से शनिवार को तीन शव बरामद किए गए, जो दुर्घटनाग्रस्त विमान के पिछले हिस्से से मिले . इस तरह दुर्घटना में मरने वालों की कुल संख्या 278 हो गई.

एजेंसी

अहमदाबादः अहमदाबाद-लंदन विमान दुर्घटना का आज चौथा दिन है. दुर्घटनास्थल पर बिखरे मलबे से पूरी तरह जले क्षत-विक्षत शव निकलने का सिलसिला जारी है. ताजा आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 278 पहुंच गई है. आइए जानते हैं इस घटना की ताजा स्थिति क्या है.बीजे मेडिकल कॉलेज के मेस के ऊपर विमान की पिछली सीट से एक लड़की और दो अन्य शव जली हुई अवस्था में मिले. लड़की के एयर



इंडिया के चालक दल की सदस्य होने की आशंका है. फिलहाल, एनडीआरएफ और अन्य जांच एजेंसियों के साथ दमकल की टीम दुर्घटनास्थल की जांच कर रही है. बचाव दल अभी भी दुर्घटनास्थल के आसपास लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं. आशंका है कि इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है.डीएनए जांच के लिए 252 से अधिक रक्त के नमूने लिए गए, 19 मृतकों के डीएनए सैंपल मैचएयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए कुल 241 यात्रियों में से कुल 19 यात्रियों के डीएनए नमूने मैच हुए हैं. 17 अन्य मृतक यात्रियों के डीएनए नमूने अभी प्राप्त होने बाकी हैं. अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में कुल 36 विशेषज्ञों द्वारा डीएनए नमूनों के मिलान की प्रक्रिया लगातार चल रही है. 24 घंटे तक लगातार डीएनए मिलान प्रक्रिया जारी है. डीएनए मिलान प्रक्रिया के लिए 36 से 48 घंटे तक बैचों में सैंपल जांच की जा रही है. मृतकों में 3 विदेशी और एक भारतीय नागरिक के डीएनए सैंपल मिलान की प्रक्रिया लंबित है.19 अभी भी लापता, कुल मृतकों में से 9 की पहचान हो चुकी हैयात्रियों के बाद विमान हादसे में सबसे बड़ी क्षति बीजे मेडिकल कैंपस के जूनियर डॉक्टरों की हुई. आशंका है कि विमान हादसे के चौथे दिन भी 17 जूनियर डॉक्टर लापता हैं. विमान हादसे में बीजे मेडिकल हॉस्टल में आग लगने से करीब 100 लोग झुलस गए थे, जिनमें 36 जूनियर डॉक्टर शामिल हैं. घटना के चार दिन बाद भी चार जूनियर डॉक्टर आईसीयू में भर्ती हैं. फिलहाल सिविल कैंपस में शवों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिए कुल 200 एंबुलेंस तैयार हैं. प्रत्येक एंबुलेंस का संचालन पुलिस करेगी.परिजनों का शव मिलने के इंतजार में टूट रहा धैर्यएयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों के शव मिलने में देरी से परिजन परेशान हो रहे हैं. डीएनए सैंपल मिलान में समय लग रहा है. ये एक प्रक्रिया के तहत किया जाता है.

# ओवैसी ने ईरान और इराक में फंसे भारतीयों को तत्काल निकालने का आग्रह किया

> इजराइली हमले के बाद ईरान के हालात बिगड़ गए हैं . कई भारतीयों के ईरान और इराक में फंसे होने की खबर है .

एजेंसी

हैदराबादः ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान और इराक में फंसे भारतीय नागरिकों को तत्काल निकालने की मांग की है. इस संबंध में उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर और तेलंगाना के मुख्यमंत्री से संपर्क किया है.एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार ईरान में लगभग 1595 भारतीय छात्र फंसे हुए हैं. जिसमें 140 मेडिकल के छात्र हैं जो तेहरान मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ते हैं. ओवैसी ने अधिकारियों के साथ फंसे हुए लोगों का विवरण साझा किया है. उन्हें तत्काल निकालने की आवश्यकता पर बल दिया. ईरान में छात्रों के अलावा, इराक में 183



भारतीय तीर्थयात्री भी फंसे हुए हैं. ओवैसी ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे तेलंगाना में उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करें.एक्स पर एक पोस्ट में ओवैसी ने इसकी जानकारी दी. इससे पहले इंडिगो एयरलाइंस की ओर से एक परामर्श जारी किया गया. इसमें कहा गया कि ईरान, इराक और उसके आसपास के क्षेत्र हवाई सेवाओं के लिए उपलब्ध नहीं है. इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के कारण यात्रा की अवधि बढ़ रही है या इसमें देरी हो रही है.पोस्ट में लिखा गया, 'हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले हमारी वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने की सलाह देते हैं.

# पाकिस्तान मुस्लिम लीग और जयराम रमेश में क्या अंतर है?

## निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर साधा निशाना

> निशिकांत दुबे ने कहा कि आज पता चला कि व्हाइट हाउस या अमेरिकी सेना ने कभी असीम मुनीर को नहीं बुलाया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग और जयराम रमेश में क्या अंतर है? दूसरी बात, जब 1985 में कनिष्क बम धमाका हुआ, तो कनाडा ने इसकी जांच कब शुरू की? 2006 में शुरू हुई।

एजेंसी

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को कांग्रेस की विदेश नीति पर निशाना साधा। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ अपने एक्स पोस्ट के बारे में बोलते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पाकिस्तान के जाल में फंस गई और उसे लगा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर को अमेरिका के व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस ने पढ़ना-लिखना बंद कर दिया है। पिछले 2-3 दिनों से पूरी कांग्रेस पार्टी यही कहती रही कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ



जनरल असीम मुनीर अमेरिका जा रहे हैं। यह पाकिस्तान का एक जाल था। निशिकांत दुबे ने कहा कि आज पता चला कि व्हाइट हाउस या अमेरिकी सेना ने कभी असीम मुनीर को नहीं बुलाया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग और जयराम रमेश में क्या अंतर है? दूसरी बात, जब 1985 में कनिष्क बम धमाका हुआ, तो कनाडा ने इसकी जांच कब शुरू की? 2006 में शुरू हुई। कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के पिता 1968 से 1984 तक कनाडा के प्रधानमंत्री थे। इंदिरा गांधी ने उन्हें 16 साल तक सात पत्र लिखे थे। उन्होंने कहा कि वह उनके पत्रों का जवाब नहीं दे रहे थे, उनकी बात नहीं सुन रहे थे और खालिस्तानी आतंकवादियों को शरण दे रहे थे और आप हमें विदेश नीति सिखा रहे हैं? उन्होंने कहा कि 1948 में इजरायल और फिलिस्तीन दो देश बन गए। 1948 में नेहरूजी ने यूएन में फिलिस्तीन का समर्थन किया और इजरायल का विरोध किया, लेकिन 1950 में नेहरूजी ने मुंबई में गुप्त रूप से अपना व्यापार कार्यालय मिशन खोल दिया। 1953 में मुंबई में इसका महावाणिज्य दूतावास खोला गया। 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में हमने इजरायली हथियारों का इस्तेमाल किया और मोसाद का इस्तेमाल तत्कालीन लेफ्टिनेंट जनरल जैकब के साथ पाकिस्तान पर हमले की योजना बनाने के लिए किया गया।

## संक्षेप

### बिजली कटौती से परेशान लोग

**शिकायत लेकर विधायक से मिले, जवाब मिला- गर्मी में रहने की आदत डालो, भाषण बाजी मत करो**

सुलतानपुर, बिजली कटौती की समस्या से आम जनता परेशान है। निराला नगर, विवेक नगर, आदर्श नगर, करौंदिया और खैराबाद समेत शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित है। गर्मी के मौसम में यह समस्या लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। समस्या का मुख्य कारण घटिया क्वालिटी की केबल है। जिसमें सैकड़ों जगहों पर जोड़ लगे हुए हैं। इसके अलावा ट्रांसफॉर्मर की कमी भी एक बड़ी समस्या है। पुलिस लाइन के पास बन रहा पावर हाउस अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। घर सुल्तानपुर फाउंडेशन के सदस्यों ने इस समस्या को लेकर सदर विधायक विनोद सिंह से मुलाकात की। आरोप है कि विधायक ने लोगों की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने लोगों से गर्मी की आदत डालने की बात कही और भाषणबाजी न करने की हिदायत दी। प्रतिनिधिमंडल में प्रियंक श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, शिव तिवारी, धनंजय सिंह, नितिन मिश्रा, वरुण मिश्रा, हेमंत मिश्रा, राहुल मिश्र, अखिलेश तिवारी, अभिनव सिंह, गुड्डू तिवारी, शरद त्रिपाठी, अविरल मिश्र, उमाकांत अग्रहरि, प्रमोद जायसवाल, नफीस अहमद, कृष्ण यादव, अंकुर द्विवेदी और रोहित सिंह रघुवंशी सहित कई लोग शामिल थे।

### घरेलू विवाद में मारपीट

**विकलांग मां को घर में घुसने से बेटे ने किया मना, विरोध पर भाई ने भाई को पीटा**

सुलतानपुर, शहर के चौक गल्ला मंडी में एक परिवारिक विवाद सामने आया है। आनंद कुमार ने अपने भाई पर घर पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। वह अपनी विकलांग मां को घर ले जाने गया था। भाई ने मां-बेटे को घर में प्रवेश करने से मना कर दिया। विरोध करने पर शनिवार रात शीतला प्रसाद, पप्पू, राहुल, शुभम, आदित्य और रितेश ने लोहे की रॉड से आनंद कुमार पर हमला कर दिया। हमले में वह बेहोश हो गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि पुलिस ने 3 घंटे तक कोई कार्रवाई नहीं की। जिलाधिकारी के आवास पर जाने पर भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। आनंद कुमार छह भाइयों में से एक हैं। एक भाई की मृत्यु हो चुकी है। परिवार में तीन बहनें भी हैं। उनकी मां विकलांग हैं और चल-फिर नहीं सकतीं। आनंद अपनी मां की देखभाल करते हैं।

### डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत

**पेट दर्द की मरीज को वार्ड में किया शिफ्ट, सुबह इंजेक्शन लगाने के बाद हुई मौत**

सुलतानपुर, जिला चिकित्सालय में चिकित्सकीय लापरवाही का एक मामला सामने आया है। तमेहड़ी निवासी आशा देवी को 14 जून को दोपहर एक बजे पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल लाया गया था। इमरजेंसी वार्ड में प्रारंभिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मरीज की स्थिति सामान्य बताते हुए उन्हें वार्ड में शिफ्ट कर दिया।

# आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत

## पति-पत्नी और दो मासूम बेटियां जिंदा जलीं, कच्चे मकान में सो रहे थे सभी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज , एक कच्चे मकान में आकाशीय बिजली गिर गई। आग लगने से घर में सो रहीं दो मासूम बेटियों समेत पति-पत्नी की जिंदा जलने से मौत हो गई। शनिवार रात करीब 12 बजे तेज आंधी आई। इसी बीच बादल गरजने के साथ मकान में आकाशीय बिजली गिर गई। इससे झोपड़ी में आग लग गई। पड़ोसियों ने आग बुझाने की कोशिश की। मगर तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। वह कंकाल बन चुके थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन ने परिवार को मकान और दैवीय आपदा के तहत धनराशि देने का आश्वासन दिया है। घटना बारा थाना क्षेत्र की है बेटियां मां के साथ पिता अकेले सो रहे थे बारा तहसील के हल्लाबोर सोनबरसा निवासी वीरेंद्र वनवासी अपनी पत्नी पार्वती और दो बेटियों राधा (6) व करिश्मा (4) के साथ कच्चे मकान में रहते थे। उनके मकान पर फूस का छप्पर पड़ा हुआ था। सभी लोग इसी के नीचे सो रहे थे। शनिवार शाम मौसम बदला तो तेज हवा चलने लगी। रात करीब 12 बजे वीरेंद्र के कच्चे मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरते ही छप्पर में आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वीरेंद्र और उनका परिवार आग की लपटों के बीच घिर गया। वह बाहर नहीं निकल सके। ग्रामीणों ने जब तक आग बुझाई, तब तक सभी लोगों की जिंदा जलने से मौत हो चुकी थी। दोनों मासूम बेटियां मां के साथ चारपाई पर सो रहीं थीं। जबकि वीरेंद्र पास में ही अलग चारपाई पर लेटे हुए थे। ग्रामीणों की सूचना पर बारा पुलिस, एसडीएम करछना, तहसीलदार और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मां-पिता और दोनों बेटियों के कंकाल को समेटा। फिर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रशासन ने पीड़ित परिवार के रिश्तेदारों को सहायता राशि देने का आश्वासन दिया है। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। दो बेटियां वीरेंद्र की मां के साथ अलग मकान में थीं मां छोटी ने बताया कि बताया कि मेरा वीरेंद्र बेटा शादी ब्याह में उपयोग होने वाले पत्तल बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वीरेंद्र की चार बेटियां हैं। बताया कि शनिवार रात को वीरेंद्र की दोनों बड़ी बेटियां सोन कुमारी (10) और आंचल (8) मेरे साथ अलग मकान में सो रही थीं। जबकि दोनों छोटी बेटियां बेटे और बहू के साथ सो रही थीं। बताया कि जब आग लगी तो मेरी नींद खुल गई। मैंने शोर मचाया तो बस्ती के लोग आ गए। बस्ती से 30 मीटर की दूरी पर हैंडपंप है। लोग दौड़कर बाल्टी ले आए। हैंडपंप से बाल्टियों और डिब्बों में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। जब तक बस्ती के लोग आज को बुझ पाते, तब तक पूरी झोपड़ी और अंदर सो रहे मेरा बेटा वीरेंद्र और उसका परिवार जल गया।

# प्रेम विवाह के 8 माह बाद पत्नी ने दी जान

## प्रयागराज में महिला ने घर में लगाया फंदा, पुलिस जांच में जुटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, मेजा थाना क्षेत्र के भटौती गांव में एक विवाहिता ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अंजली ने आठ महीने पहले राजेश से प्रेम विवाह किया था।

घटना उस समय हुई जब राजेश अपनी बहन पूजा को भीरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए थे।

दोपहर करीब 12 बजे अंजली ने घर में गार्डर पर रखी पाइप में फंदा लगाकर जान दे दी।

परिजनों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत राजेश को सूचित किया। ग्रामीणों के अनुसार, राजेश और अंजली एक ही गांव के रहने वाले थे।

दोनों ने परिवार की असहमति के बावजूद शादी की थी। मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीन वाहनों की हुई टक्कर

**हरियाणा से काशी दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार पिकअप और ट्रैक्टर से टकराई, 7 घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, कामरौली थाना क्षेत्र के सिरियारी गांव के पास तीन वाहनों की टक्कर में 7 लोग घायल हो गए। हरियाणा के बल्लभगढ़ से काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की कार को पीछे से एक पिकअप ने टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सामने जा रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार 5 लोग और ट्रैक्टर पर बैठे 2 लोग घायल हुए। सभी घायलों को जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायलों में सोम प्रकाश (नई दिल्ली), राज किशोर झा, सुबोध मिश्र, धीरू झा (तीनों फरीदाबाद से), अब्दुल मोईद और इकलाक अहमद (दोनों नौडाड से) शामिल हैं। कार में सवार राज किशोर झा ने बताया कि वे सभी काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही कमरौली और जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ अजय कुमार सिंह ने ट्रामा सेंटर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला रेफरल अस्पताल में योग अभ्यास

## चिकित्सक और स्टाफ ने सीखे विभिन्न आसन, 21 जून को मुख्य कार्यक्रम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, तिलोई स्थित जिला रेफरल अस्पताल में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानाचार्य रीना शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत ॐ ध्वनि और प्रार्थना से हुई। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन सिखाए। इनमें ताड़ासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम और कपालभाति प्रमुख थे।

कार्यक्रम में अस्पताल के चिकित्सक और स्टाफ ने भाग लिया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आशा कार्यकर्ता और अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य रीना शर्मा ने योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। उन्होंने सभी को 21 जून को होने वाले मुख्य योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि स्वास्थ्य लाभ और जनजागरूकता के लिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# विकसित भारत संकल्प सभा में बोले भाजपा नेता

**कहा- 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर, भारत बना दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने कहा कि भारत ने विकास का नया इतिहास रचा है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। भारत अब आर्थिक विकास में जापान और ब्रिटेन को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। रघुवंशी ने आपरेशन सिंदूर को नए भारत की वैश्विक शक्ति का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवाकांत मिश्रा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश की स्थिति खराब थी। कांग्रेस सरकार के समय में विकास की जगह भ्रष्टाचार की खबरें सुर्खियां बनती थीं। लंभुआ मंडल अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं से 2047 तक विकसित भारत बनाने में योगदान का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री संजीव पांडेय ने किया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का विरोध

**पोषाहार की कमी और खराब फोन से ई-केवाईसी में परेशानी, 4000 रुपए में इंटरनेट खर्च मुश्किल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, भेटुआ ब्लॉक परिसर में आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने हिस्सा लिया। कार्यकत्रियों ने दो प्रमुख मुद्दों पर चिंता जताई। पहला, फीड लाभार्थियों को पोषाहार नहीं मिल रहा है। सुपरवाइजर के अनुसार उच्च स्तर से पोषाहार की आपूर्ति नहीं हो रही है। दूसरा मुद्दा लाभार्थियों की ई-केवाईसी से संबंधित है। विभाग द्वारा दिए गए फोन अब काम नहीं कर रहे हैं। विभाग रिचार्ज और इंटरनेट पैक की सुविधा भी नहीं दे रहा है। कार्यकत्रियों का कहना है कि 4000 रुपये के वेतन में वे या तो रिचार्ज-इंटरनेट खर्च कर सकती हैं या परिवार का पालन-पोषण। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इन समस्याओं के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों से मिलने का वादा किया। बैठक में एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष भानुमती सरोज, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विन्दू गुप्ता, महामंत्री सुदामा देवी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली कंपनी को नोटिस

## अलीगढ़ में नगर आयुक्त ने लापरवाही मिलने पर की कार्रवाई; मिले कूड़े के ढ़ेर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, शहर में साफ-सफाई और घरों से कचरा उठाने वाली अर्बन कंपनी को लापरवाही के कारण नोटिस जारी किया गया है। यूजर चार्ज वसूलने में लापरवाही करने के कारण नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली अर्बन कंपनी को तीन दिन के अंदर नोटिस का जवाब देना होगा। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि काम में बिल्कुल भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जो भी लापरवाही करता है। उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। अलीगढ़ शहर के 90 वार्डों में घर-घर जाकर कूड़ा-कचरा उठाने का जिम्मा अर्बन एनवायरोटेक कंपनी का है। जिससे कि शहर में सफाई का माहौल बना रहे। लेकिन बीते दिनों निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त को शहर में कूड़े के ढ़ेर नजर आए थे और लापरवाही नजर आई थी। इसके साथ ही जांच में पाया गया कि यूजर चार्ज वसूलने में भी कंपनी लापरवाही कर रही है। जिसके कारण राजस्व में कमी आई है और निगम को राजस्व की हानि हो रही है। राजस्व वसूली में लापरवाही मिलने के बाद ही नगर आयुक्त ने कंपनी को तत्काल नोटिस देते हुए जवाब मांगा है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि अर्बन इनवाईरोटेक सर्विसेज प्रा. लि. द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है। यूजर चार्ज की वसूली में अगस्त 2024 से कोई सुधार नहीं हुआ है। फरवरी 2025 के सापेक्ष भी वसूली में लापरवाही मिल रही है।

वहीं डोर-टू-डोर कचरा उठाने के काम में भी लापरवाही हो रही है। हेल्पर होते हुये भी कूड़ा न लेना, व्हीकल्स में बैठे रहने जैसी शिकायतें मिली हैं। इस कारण लोग कूड़ा सड़क और खाली प्लाट में फेंकते हैं और कूड़े के ढ़ेर लग रहे हैं।

यह लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन्हीं शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कंपनी से जवाब तलब किया गया है। साथ ही कंपनी को चेतावनी दी गई है कि वह काम में सुधार नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर स्कॉर्पियो की ट्रक से टक्कर

## सुल्तानपुर में तीन की मौत, दो घायल; नींद आने से हुआ हादसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। किलोमीटर संख्या 131 के पास स्कॉर्पियो और ट्रक की जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के वक्त स्कॉर्पियो गुड़गांव से बिहार के मुंगेर जा रही थी। गाड़ी में चालक सहित कुल पांच लोग सवार थे। हादसा उस समय हुआ जब चालक पिंकू कुमार (32) को नींद आ गई और वाहन ने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में 72 वर्षीय कुमार विनय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 65 वर्षीय कलावती देवी और चार वर्षीय विदुषी ऊर्फ पुग्गी ने जयसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायल नूतन देवी (25) और चालक पिंकू कुमार (32) का अभी भी इलाज जारी है। सभी घायलों को बिरसिंहपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर सहायक सुरक्षा अधिकारी राम जगत तिवारी, सुरक्षा अधिकारी कपिल देव सिंह यादव, उपनिरीक्षक परमानंद पांडे, और कांस्टेबल अश्विनी कुमार यादव पहुंचे। क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को क्रेन की मदद से थाना जयसिंहपुर भिजवाया गया है।

# इन्हौना पीएचसी में आरोग्य मेला

## सीएमओ ने किया निरीक्षण, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायब

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इन्हौना में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की समीक्षा की। मेले में 46 मरीजों की ओपीडी की गई। 18 मरीजों की विभिन्न जांचें हुईं। सीएमओ ने मरीजों की संख्या, जांच की स्थिति और दवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया। साथ ही पंजीकरण प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने कहा कि मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देना है।

# 14 साल की शादी के बाद घर से निकाला

## मथुरा में महिला ने सास-ससुर और देवर पर लगाया मारपीट का आरोप, पुलिस से मांगी मदद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, थाना जमुनापार क्षेत्र के सिद्धार्थनगर में एक विवाहिता को उसके सास-ससुर और देवर ने घर से निकाल दिया। पीड़िता नगमा ने बताया कि उसकी शादी स्वराज अली से 14 साल पहले हुई थी। नगमा ने आरोप लगाया कि उसके सास-ससुर और देवर ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसे घर से बाहर निकाल दिया। अब वह अपने मायके में रोशन विहार कॉलोनी में रह रही है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसे घर में प्रवेश नहीं करने दे रहे हैं। नागमणि बताया कि इस संबंध में कई बार थाना चौकी पर शिकायत की गई लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है और वह चक्कर पर चक्कर लगाकर थक चुकी है। नगमा ने इस मामले में उच्च अधिकारियों से शिकायत की। उनके दरवाजे तक खटखटाया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एक बार फिर महिला अपनी फरियाद लेकर थाना जमुना पार पहुंची जा पुलिस से उसने आप बीती सुनाई है। पीड़ित महिला का कहना है कि पुलिस उनकी आखिर क्यों सुनवाई नहीं कर रही है। उसने अपने देवर पर गलत कार्यों में लिप्त होने के भी आरोप लगाए। अब अपने बच्चों के साथ थाना जमुनापार पहुंची है


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी